

दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 122 रायपुर, गुरुवार, 15 मई 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय...

कांस 2025 : पैरेंट कलच... 6


## साय कैबिनेट में अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की होगी शुरुआत

# साहित्यकारों और कलाकारों के पेंशन में वृद्धि

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को देश का अगला औद्योगिक और रोजगार हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए औद्योगिक विकास नीति 2024–30 में कई अहम संशोधनों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया, जो आने वाले वर्षों में राज्य के सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा देगा।



### स्थानीय युवाओं को मिलेगा प्राथमिकता - बढ़ेगा रोजगार

संशोधित नीति के अनुसार, जिन उद्योगों में छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार मिलेगा, उन कंपनियों को सरकार की ओर से विशेष अनुदान मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार दर में तेज़ी आएगी और पलायन पर भी अंकुश लगेगा।

### आधुनिक खेती को मिलेगा संस्थागत समर्थन

हाइड्रोपोनिक और एयरोपोनिक जैसी हाईटेक फार्मिंग तकनीकों को औद्योगिक क्षेत्र में शामिल कर किसानों को आधुनिक उपकरण, ऑटोमेशन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी तकनीकों से जोड़ा जाएगा। इससे खेती की उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ेगी।

### खेल प्रशिक्षण और अकादमियों को प्रोत्साहन

राज्य सरकार खेल और युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता देती हुई खेल अकादमी और निजी प्रशिक्षण केंद्रों को प्रोत्साहन देगी। इससे न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा, बल्कि स्पोर्ट्स इंडस्ट्री का विकास भी होगा।

### उच्च शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

गुणवत्तापूर्ण विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहन देकर छत्तीसगढ़ को शैक्षणिक हब के रूप में भी विकसित करने की योजना है। इससे राज्य के छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा के अवसर यहीं उपलब्ध होंगे।

### ऑटोमोबाइल सेक्टर को विस्तार

अब ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विस यूनिट्स को हर विकासखंड समूह में मान्यता दी जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी तकनीकी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### पर्यटन और होटल व्यवसाय को नई उड़ान

बस्तर और सरगुजा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में होटल–रिसॉर्ट के निर्माण हेतु निवेश की न्यूनतम सीमा कम की गई है। इससे इन इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को आजीविका के साधन मिलेंगे।

### कपड़ा उद्योग को मिलेगा दोगुना प्रोत्साहन

टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्योगों को 200% तक का प्रोत्साहन मिलेगा। इससे महिलाओं एवं ग्रामीण कारीगरों को सिलाई, बुनाई और कढ़ाई जैसे रोजगारों में अधिक अवसर मिलेंगे।

### छत्तीसगढ़ बनेगा लॉजिस्टिक हब

नई लॉजिस्टिक नीति के तहत पूरे राज्य में माल परिवहन को आसान बनाया जाएगा। इससे व्यापारियों को लागत में कमी, समय की बचत और बाजारों तक तेज पहुंच मिलेगी।

### दिव्यांगजनों को मिलेगा विशेष लाभ

दिव्यांगजनों की परिभाषा में बदलाव कर उन्हें अधिक से अधिक योजनाओं में शामिल किया जाएगा। यह समावेशी विकास की दिशा में सरकार का सराहनीय कदम है।

### रक्षा और एयरोस्पेस सेक्टर को स्पेशल पैकेज

राज्य अब ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डिफेंस और एयरोस्पेस इंडस्ट्री में भी निवेश आकर्षित करने हेतु विशेष प्रोत्साहन पैकेज प्रदान करेगा।

### निजी औद्योगिक पार्कों को मिलेगा इंफ्रास्ट्रक्चर अनुदान

प्लग एंड प्ले फैक्ट्रियों को बढ़ावा देने के साथ–साथ निजी औद्योगिक पार्कों को इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलेगा।

### प्रदेश में इज ऑफलिविंग को बढ़ावा

प्रदेश में इज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने हेतु निजी सीबीएसई स्कूल और मिनी मॉल (मल्टीप्लेक्स युक्त) को भी थ्रस्ट सेक्टर की तरह मान्यता दी जाएगी, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां ये सुविधाएं नहीं हैं।

## तुर्किये के सेब और अन्य सामानों का किया बहिष्कार



एजेंसी, नई दिल्ली

पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्किये देश का भारत में खुलकर विरोध हो रहा है। भारत के साथ हालिया तनाव के बीच तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के बाद गाजियाबाद के साहिबाबाद फल मंडी के फल व्यापारियों ने बड़ा फैसला लिया है। फल मंडी के संगठन ने कहा कि तुर्किये से सेब और अन्य उत्पादों के आयात का बहिष्कार किया जा रहा है।

साहिबाबाद फल मंडी के एक फल व्यापारी ने कहा कि मीडिया के माध्यम से पता चला कि तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्किये से हमारे सेब का करीब 1200 से 1400 करोड़ का व्यापार होता है। अगर तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया है। मतलब इन्होंने आतंकवाद का समर्थन किया है। हमने तुर्किये से अपने व्यापारिक संबंध तोड़ने का फैसला किया है।

साहिबाबाद फल मंडी के एक अन्य फल व्यापारी ने कहा कि हम तुर्किये के सभी उत्पादों का बहिष्कार करते हैं। जिसने पाकिस्तान का समर्थन किया है। तुर्किये से करीब 1000 करोड़ रुपये का सामान आयात होता है। लेकिन हम सभी उत्पादों का बहिष्कार कर चुके हैं।

### FWICE की भारतीय फिल्म निर्माताओं से अपील

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति में तुर्किये ने दुश्मन देश पाकिस्तान का समर्थन किया। इस पर लोगों का गुस्सा फूटा है। सिने जगत में भी तुर्किये के बहिष्कार की मांग उठ रही है। हाल ही में 'अनुपमा' फेम अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने लोगों से तुर्किये की बुकिंग रद्द कराने की अपील की। अब फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉईज (FWICE) ने भारतीय फिल्म निर्माताओं से अपील की है कि वे तुर्किये में शूटिंग लोकेशन न तलाशें।

### तुर्किये पर प्रतिबंध लगाने की मांग

भारत–पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान तुर्किये की सरकार ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। इसे लेकर भारत में नाराजगी है। भारत में तुर्किये का विरोध शुरू हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोगी संगठन स्वदेशी जागरण मंच ने तो तुर्किये पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी है। स्वदेशी जागरण मंच ने बुधवार को केंद्र सरकार से मांग की कि तुर्किये पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं, कूटनीतिक संबंधों की समीक्षा की जाए, उसके साथ नागरिक उड़ानें बंद कर दी जाएं।

### कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध

## मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर





एजेंसी, नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया है।

### हाईकोर्ट ने सरकार को दिए सख्त निर्देश

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार को शाम 6 बजे तक यानी चार घंटे के भीतर मंत्री विजय शाह के खिलाफ FIR दर्ज करनी होगी।

### पीएम मोदी भी नाराज, कांग्रेस कर रही इस्तीफे की मांग

विजय शाह के बयान से न केवल राजनीतिक हलचल तेज हो गई है, बल्कि सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस बयान को लेकर नाराजगी जताई है। कांग्रेस ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की है।

हालांकि, मंत्री शाह ने अपने बयान पर खेद जताते हुए माफी मांग ली है और कहा है कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। बावजूद इसके, कांग्रेस उनकी माफी से संतुष्ट नहीं है और इस्तीफे की मांग पर अडिग है।

## पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान को रिहा किया

एजेंसी, नई दिल्ली

पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। पूर्णम कुमार बुधवार को अटारी–वाघा बॉर्डर से भारत लौट आए हैं। BSF ने इसकी पुष्टि की है। पूर्णम पिछले 20 दिनों से पाकिस्तान के कब्जे में थे। वे 23 अप्रैल को गलती से पाकिस्तान चले गए थे। तब से पाकिस्तानी रेंजर्स के कब्जे में थे। फिलहाल उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। उसके बाद पूछताछ होगी और फिर घर जाने दिया जाएगा।

भारत ने भी जवान के बदले रेंजर्स को लौटाया है। दोनों देशों ने जवान और रेंजर्स को एक्सेंज किया है। जवान और रेंजर्स को एक्सेंज करने की बातचीत सुबह 10:30 बजे अटारी में हुई।

40 साल के पूर्णम साहू 23 अप्रैल को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गए थे और बाद में उन्हें 'पाकिस्तान रेंजर्स' ने हिरासत में ले लिया था। पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में बीएसएफ की 182वीं बटालियन में तैनात पूर्णम साहू वर्दी में थे और उनके पास उनका सर्विस राइफल भी था। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, घटना उस वक्त हुई जब साहू सीमा के पास किसानों के एक समूह की रक्षा के लिए उनके साथ थे। वह एक पेड़ के नीचे आराम करने के लिए चले गए और अनजाने में पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश कर गए। उन्हें तुरंत पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।



### पाकिस्तान ने जारी किया था फोटो

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के अगले दिन पाकिस्तानी रेंजर्स ने BSF जवान पूर्णम कुमार शॉ की दो फोटो जारी की थीं। पहली फोटो में पूर्णम पेड़ के नीचे खड़े थे। उनकी राइफल, पानी की बोतल, बैग जमीन पर पड़ा था। दूसरी फोटो में जवान की आंखों पर पट्टी बंधी थी।

कनाडा की संसद में हिंदू ग्रंथ 'गीता' की गूंज: भारतीय मूल की अनीता आनंद बनीं कनाडा की नई विदेश मंत्री, गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

### पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रहने वाले हैं

पूर्णम साहू का परिवार पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रहने वाले हैं।उनके हिरासत में जाने के बाद से ही वो चिंतित और व्याकुल था। उनका सात वर्षीय बेटा, स्थिति की गंभीरता से अनजान, लगातार पूछ रहा था कि उसके पिता कब लौटेंगे। अब उनके लौटने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली है।

## जस्टिस बीआर गवई ने ली सुप्रीम कोर्ट के 52वें सीजेआई की शपथ



एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस बीआर गवई ने आज बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई है।

जस्टिस गवई का कार्यकाल लगभग 6 महीने का होगा। वे भारत के पहले बौद्ध CJI हैं और दलित समुदाय से आने वाले दूसरे मुख्य न्यायाधीश बने हैं।

### महत्वपूर्ण फैसले

जस्टिस गवई ने अपने न्यायिक करियर में कई ऐतिहासिक फैसलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमें शामिल हैं
अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखना
डिमोनेटाइजेशन (नोटबंदी) को बरकरार रखना
अनुसूचित जातियों के उप–वर्गीकरण को बरकरार रखना

बुलडोजर जस्टिस के खिलाफतोड़फोड़
बुलडोजर जस्टिस पर फैसला सुनाते समय उन्होंने आश्रय के अधिकार के महत्व पर जोर दिया था। मनमाने ढंग से तोड़फोड़ की निंदा करते हुए उन्होंने इस तरह की कार्रवाईको प्राकृतिक न्याय और कानून के शासन के सिद्धांतों के खिलाफबताया था। अपने फैसले में उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि कार्यपालिका, जज, जूरी और जल्लाद की भूमिका नहीं निभा सकती है।





## कर्रेगुट्टा की पहाड़ी में 31 नक्सली मारे गए,450 आईईडी बरामद

बीजापुर ( प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़–तेलंगाना बॉर्डर स्थित कर्रेगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 17 महिला और 14 पुरुष नक्सली शामिल हैं। दैनिक भास्कर ने पहले ही खबर दी थी कि 31 नक्सली मारे गए हैं।

छत्तीसगढ़ के DGP अरुण देव गौतम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नक्सलियों ने पहाड़ की गुफाओं में लगभग 250 गुफाओं में ठिकाने बना रखे थे। बड़े कैडर के इलाज के लिए अस्पताल और हाईटेक हथियार बनाने 4 फैक्ट्री बनाकर रखे थे। जवानों ने सभी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया।

वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहां आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। कर्रेगुट्टा पहाड़ PLGA बटालियन 1, DKSZC, TSC & CRC जैसी नक्सल संस्थाओं का Headquarter था। उसे जवानों ने तबाह कर दिया। शाह ने फिर दोहराया कि भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त हो जाएगा।



करेंगुट्टा नक्सल ऑपरेशन के बाद जवानों ने बड़ी संख्या में हथियार बरामद किया है। इनमें मेगा स्नाइपर, BGL सेल समेत गोला बारूद शामिल है।

### जवानों ने 450 IED की चक्रव्यूह को तोड़ा

DGP ने बताया कि कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर पहुंचने के रास्ते में नक्सलियों ने 450 IED (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बिछा रखे थे। उन्हें विश्वास था कि इतनी सुरक्षा के बावजूद कोई भी फोर्स उनके किले तक नहीं पहुंच पाएगी, लेकिन सुरक्षाबलों ने यह भ्रम तोड़ दिया। हर IED को डिफ्यूज कर जवान चोटी तक पहुंचे।

### टेक्निकल इनपुट से बनी रणनीति, पहाड़ी पर बना बेस कैंप

ऑपरेशन से पहले टेक्निकल फील्ड इनपुट जुटाए गए। 24 घंटे एनालिसिस के बाद रणनीति तैयार की गई। फोर्स ने पहाड़ी की चोटी पर न सिर्फ अपना बेस कैंप बनाया, बल्कि वहां हेलीपैड भी तैयार किया, ताकि सूचना और मदद जल्दी पहुंच सके।

ऑपरेशन कर्रेगुट्टा को लेकर मिली सफलता पर CRPF DG जीपी सिंह और छत्तीसगढ़ पुलिस DG अरुण देव गौतम ने बीजापुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कामयाबी और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी।

### नक्सल प्रवक्ता ने पर्चा जारी कर मारे गए 26 साथियों की पुष्टि की

ऑपरेशन की सफलता से पहले ही नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी सदस्य और प्रवक्ता अभय ने एक पर्चा जारी कर 26 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। साथ हीसरकार से शांति वार्ता को स्पष्ट करने की मांग की। पर्चे में लिखा है, आदरणीय मोदी जी, आपकी सरकार शांति वार्ता के लिए तैयार है या नहीं, स्पष्ट करें।

## एक ही परिवार के चार लोगों ने की सामूहिक आत्महत्या





महासमुंद (प्रतिदिन राजधानी)

जिले से दिल दहला देने वाला मामला समाने आ रहा है, यहां बागबाहरा के शासकीय क्वाटर में सामूहिक आत्महत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। एक ही परिवार के 4 सदस्यों ने की सामूहिक आत्महत्या कर ली है। मृतकों में बसंत पटेल (पति), भारती पटेल (पत्नी), बेटी सेजल एवं बेटा कियांश है।

जानकारी के अनुसार पत्नी एवं दोनों बच्चों की लाश बिस्तर में पड़ा हुआ है वही बसंत पटेल की लाश फांसी पर लटकी हुई है। बसंत पटेल आदिमजाति कल्याण विभाग के ब्लॉक कार्यालय में चपरासी के पद पर पदस्त था। मौके पर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और फॉरेंसिंक की टीम पहुंच चुकी है ।

प्रतिदिन राजधानी
गुरूवार 15, मई 2025

## स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल की कोशिशें हो रही है सफल

# मनेंद्रगढ़ में रेल परियोजना को गति, भू-अर्जन के लिए सर्वे सूची जारी, 30 दिनों में दर्ज कराएं दावा-आपत्ति

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले में यात्री सुविधाओं के विस्तार और रेल परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल की कोशिशें रंग ला रही हैं। उनके अथक प्रयासों से रेल मंत्रालय ने चिरमिरी-नागपुर रोड हाल्ट रेलवे प्रोजेक्ट के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में रेल मंत्रालय ने रेल अधिनियम 1989 की धारा 20(ए) के तहत एक अधिसूचना जारी की है। इस प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय विधायक साल 2017 से है प्रयासरत है। इसके बाद साल 2018 में रेल मंत्रालय और छत्तीसगढ़ शासन के मध्य पचास पचास प्रतिशत



राशि से निर्माण कार्य के लिए एमओयू हुआ था। किन्तु सत्ता परिवर्तन के बाद तत्कालीन सरकार ने ये कह कर प्रोजेक्ट को रोक दिया कि इसकी स्थानीय स्तर पर कोई उपयोगिता नहीं है। हालांकि सत्ता परिवर्तन के बाद स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय से पहले बजट में है इस प्रोजेक्ट के लिए राशि की मांग रखी जिसे पहले बजट में है वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा स्वीकृत कर राशि जारी कर दी गई। इसके पश्चात शुरू हुई अन्य प्रक्रियाओं के तहत भू अर्जन हेतु सर्वे प्रक्रिया पूर्ण कर रेल मंत्रालय के द्वारा राजपत्र में भू अर्जन के लिए अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है। इस अधिसूचना के तहत भू-अर्जन के लिए सर्वे सूची जारी की गई है, जिसमें चिराईपानी, सरोला, बंजी, खैरबना, सरभोका और चित्ताझोर गांवों के भूखंडों के खसरा नंबर और अन्य विवरण शामिल हैं। सर्वे सूची में उल्लिखित भूखंडों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति या दावा है, तो वे 30 दिनों के भीतर अपर कलेक्टर या सक्षम प्राधिकारी के समक्ष लिखित रूप में अपनी अपील दर्ज करा सकते हैं। यह कदम न केवल स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विकास को भी गति देगा। मंत्री जायसवाल के प्रयासों से एमसीबी जिला विकास की नई ऊंचाइयों को छूने की ओर अग्रसर है। इस रेल प्रोजेक्ट के शुरू हो जाने से चिरमिरी को राज्य और राष्ट्र स्तर पर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी और इसके साथ ही यहां के लोगों को शिक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य जैसे अनेक सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा।

## सार-समाचार

### श्रम मंत्री देवांगन आज और कल फरसगांव एवं सलौनी में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर में होंगे शामिल

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन 15 मई गुरूवार कोण्डागांव जिले के फरसगांव एवं गुरुवार 16 मई को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम सलौनी में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर में शामिल होंगे। मंत्री श्री देवांगन 15 मई को रायपुर के शंकर नगर स्थित अपने निवास से सुबह 10 बजे फरसगांव जिला कोण्डागांव के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1.40 बजे कोण्डागांव जिले विकासखंड माकड़ी के ग्राम रांधना में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम पश्चात दोपहर 3.30 बजे फरसगांव से प्रस्थान कर सायं 6.30 रायपुर लौट आएंगे। मंत्री देवांगन 16 मई को रायपुर के शंकर नगर स्थित अपने निवास से सुबह 10 बजे ग्राम सलौनी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12 बजे खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के रानी रश्मि देवी खेल मैदान ग्राम सलौनी में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम पश्चात दोपहर 3 बजे खैरागढ़ से प्रस्थान कर सायं 7 बजे चारपारा कोहड़िया जिला कोरबा आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।

### रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती के निर्देश

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। प्रदेश में रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने तथा बरसात से पूर्व निर्माण एवं विकास कार्यों के सुचारु संचालन हेतु रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खनिज साधन विभाग के सचिव श्री पी. दयानंद ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख जिलों के कलेक्टरों एवं खनिज अधिकारियों की बैठक ली । बैठक में रेत से संबंधित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर खनिज संचालक रजत बंसल भी उपस्थित थे। सचिव दयानंद ने कहा कि रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से निरंतर निगरानी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व की हानि रोकना शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। सचिव दयानंद ने निर्देशित किया कि स्वीकृत रेत खदानों का संचालन पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित अनुमेय मात्रा के अनुरूप विधिसम्मत रूप से किया जाए तथा खनिज राजस्व की समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सेवाओं का विस्तार, छत्तीसगढ़ के 146 गांवों में बनी 'आयुष ग्राम' की पहचान

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में आयुष मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'आयुष ग्राम' योजना की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण जनता को आयुष आधारित समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे न केवल बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़े, बल्कि निरोग जीवनशैली को भी बढ़ावा मिले। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम चरण में 146 ग्रामों को 'आयुष ग्राम' के रूप में चिन्हित किया गया है। इन ग्रामों में आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों,



स्व-सहायता समूहों और जन प्रतिनिधियों की भागीदारी से स्वास्थ्य जागरूकता को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। योजना के तहत ग्रामवासियों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जोड़ने के लिए औषधीय पौधों की खेती, उनके घरेलू उपयोग, योग, प्राणायाम और प्राकृतिक चिकित्सा को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने हेतु नियमित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से सरकार का लक्ष्य ग्रामीण इलाकों में आयुष की पहुंच सुनिश्चित करना और भारत की प्राचीन चिकित्सा विधाओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। राज्य में अब तक 'आयुष ग्राम' योजना के अंतर्गत कुल 1659 मेलों का आयोजन किया गया है, जिनमें 1,04,333 हितग्राही लाभांवित हुए हैं। इन मेलों के माध्यम से लोगों को निशुल्क परामर्श, औषधि वितरण और जीवनशैली सुधार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रदेश सरकार की मंशा है कि आयुष पद्धति से जुड़ी यह पहल न केवल ग्रामीण भारत के स्वास्थ्य को सशक्त बनाएगी, बल्कि आत्मनिर्भर ग्राम समाज की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगी।

# सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने जोन 2 क्षेत्र के नालों की सफाई का जोन कमिश्नर सहित किया निरीक्षण



**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने नगर निगम जोन 2 के क्षेत्र के अंतर्गत मौदहापारा में महाबीर गौशाला के सामने नाला, मौदहापारा मस्जिद के समीप नाला, के. के. रोड में मौदहापारा पुलिस थाना के समीप नाला,जयस्तम्भ चौक के समीप का नाला चेम्बर, शहीद स्मारक भवन के पास नाला, रजबंधा मैदान क्षेत्र में नाला सहित जोन क्षेत्र के विभिन्न नालों की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लवनिया, उप अभियंता तिग्गा की उपस्थिति में किया. सभापति ने बारिश पूर्व नालों में जेसीबी लगवाकर और मेन्युअल सफाई करवाई. जयस्तम्भ चौक के पास नाला चेम्बर की सफाई करवाई. सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने अधिकारियों को बारिश पूर्व सभी बड़े नालों की तले तक पूर्ण सघन सफाई करवाकर गन्दे पानी की निकासी सुगम बनाने निर्देशित किया है, ताकि कहीं भी बारिश में जल के भराव की समस्या ना आये.

# सुशासन तिहार: ग्राम टोहड़ा में हुआ समाधान शिविर का आयोजन

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज तिल्दा ब्लॉक के ग्राम टोहड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजनों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जाति प्रमाण पत्र, ऋण




पुस्तिका, श्रम कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड बनाया गया और मंच से सभी को वितरित किया गया। समाधान शिविर के दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने पौधरोपण किया। साथ ही शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल, स्प्रेयर, आईस बॉक्स, मछली जाल आदि का वितरण भी किया गया। शिविर में जिला पंचायत सभापति श्रीमती स्वाति वर्मा, तिल्दा जनपद पंचायत सदस्य तुकाराम जोगी, श्रीमती कुंती वर्मा, श्रीमती ललिनी ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टीम प्रहरी निगम नगर निवेश द्वारा विभिन्न मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त करवाकर यातायात सुगम बनाने कार्यवाही प्रतिदिन निरंतरता से जारी

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त पंकज के शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस



बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही नियमित प्रतिदिन व्यापक रूप से निरंतरता के साथ जारी है। आज टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा जोनो के साथ मिलकर मार्गो को अतिक्रमण मुक्त बनाने जनहित में जनसुविधा हेतु यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में कार्यवाही अभियान पूर्वक लगातार जारी रखी गयी। जोन 7 अंतर्गत रामनगर मार्ग में अतिक्रमण हटाने अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी । जोन 8 क्षेत्र में पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड नम्बर 2 में लोहा बाजार हीरापुर कॉलोनी में अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही कर तत्काल रोक लगायी गयी । जोन 6 द्वारा भाठागांव में अवैध बाउंड्रीवाल का कार्य तत्काल रुकवाया गया. पचपेडी नाका मुख्य मार्ग सहित अन्य विभिन्न मार्गों में अवैध बैनर पोस्टर हटाने की कार्यवाही की गई। जोन 2 क्षेत्र में मंडी मार्ग श्रीराम जानकी मंदिर के समीप सडक पर कब्जा जमाकर व्यवसायरत ठेलो को जप्त करने की कार्यवाही की गई। जोन 6 क्षेत्र में सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से पचपेडी नाका चौक तक निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग एवं निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता ने संयुक्त अभियान चलाकर जनहित में जनसुविधा हेतु सुगम यातायात देने कार्यवाही की एवं मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया। जोन 5 क्षेत्र में आमापारा चौक में सडक को अतिक्रमण से मुक्त करने की कार्यवाही कर नागरिको को त्वरित राहत दिलवायी गयी।

# जलसंकट से राहत: ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने 39.56 लाख की पाइपलाइन विस्तार योजना का किया लोकार्पण

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 के अंतर्गत पण्डित मोतीलाल साहू वार्ड क्रमांक 8 के क्षेत्र में पाम बलाजियो तक 39 लाख 56 हजार रूपये की स्वीकृत लागत से शीघ्र जलसंकट दूर करने पाईप लाईन विस्तार कार्य का जोन 9 जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी, जोन के सभी पार्षदों सहित नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास, सहायक अभियंता संदीप शर्मा, उप अभियंता जल आशुतोष पाण्डेय सहित वार्ड क्षेत्र के निवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं,



महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति में लोकार्पण किया. अब उक्त क्षेत्र में विस्तारित पाईप लाईन को शीघ्र कनेक्ट किये जाने पर शीघ्र जल संकट दूर होगा. इस हेतु नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पाईप लाईन विस्तार कार्य करवाने के लिए रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, जोन 9 जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी जोन क्रमांक 9 के पार्षदगणों, नगर पालिक निगम रायपुर को हार्दिक धन्यवाद दिया. रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय और उप अभियंता जल आशुतोष पाण्डेय को शीघ्र जल संकट दूर करने विस्तारित पाईप लाईन को कनेक्ट करवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि उक्त क्षेत्र में जल संकट शीघ्र दूर हो सके और नागरिकों को नदी का मीठा जल घरों में नल से प्रदान किया जा सके.

# आयुक्त विश्वदीप ने जोन 10 के वार्ड 56 में सर्वोदय नगर तालाब का किया निरीक्षण

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के अंतर्गत लेफ्टिनेंट अरविन्द दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 के क्षेत्र के अंतर्गत सर्वोदय नगर तालाब का निरीक्षण निगम जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे,उप अभियंता सुश्री निवृत्ति परमार की उपस्थिति में किया. आयुक्त ने तालाब के भीतर गन्दा पानी जाने से रोकने बाहर नाली बनवाकर उसके माध्यम से वहाँ के रहवासियों के घरों से प्रतिदिन निकलने वाला गन्दा पानी की सुगम निकासी करवाने के निर्देश दिए हैं. इसके पश्चात तालाब के चारों ओर टोवाल बनाने और



तालाब की सफाई करवाने के बाद राज्य शासन द्वारा राज्य प्रवर्तित योजना सरोवर धरोहर के अंतर्गत स्वीकृति अनुसार तालाब के पार में चारों ओर पाथ वे का निर्माण करवाने सहित तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य करवाने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने आम्रपाली सोसायटी के पास मार्ग में नाला सफाई का निरीक्षण कर नाला सफाई बारिश के पूर्व व्यवस्थित तरीके से करवाने के निर्देश दिए हैं. वहीं आयुक्त ने मार्ग में कब्जा जमाकर लगाए जा रहे अवैध ठेलों और गुमटियों को अभियान चलाकर हटाते हुए मार्ग का यातायात सुगम बनाने सहित गंगा डायग्नोस्टिक हॉस्पिटल के सामने सड़क पर वाहन पार्किंग ना होने देकर व्यवस्थित वाहन पार्किंग करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं, ताकि मार्ग में पार्किंग के चलते सड़क यातायात बाधित होने की समस्या दूर की जा सके.

# संत कंवरराम चौक के सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण पर की गई महाआरती देश की सुख शांति व समृद्धि की की गई

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण होने पर संत कंवरराम सेवा समिति व युवा परिषद के द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया । परिषद के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मध्यानी व महासचिव अजय वलेचा ने बताया कि संत कंवरराम चौक का निर्माण एक नवंबर 1998 को किया गया था जिसे अब 27 वर्ष के बाद पुन:सौंदर्यीकरण करके नया स्वरूप दिया गया है । इस पावन अवसर पर उपस्थित जन समुदाय व वरिष्ठ लोगों द्वारा संतों की मूर्ति पर माल्यार्पण कर महाआरती की गई एवं देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए संतो के आगे झोली फैलाकर देश व विश्व में सुखशांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई । तत्पश्चात मिष्ठान व फलों के प्रसाद का



वितरण किया गया इस अवसर पर भाई साहब अमरलाल जी पूर्व पार्षद जगदीश कलश व पार्षद अमर गिदवानी पार्षद स्वप्निल मिश्रा चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी युवा परिषद अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मध्यानी अजय वलेचा जय बजाज कमल लखानी किशनचंद निहलानी पूर्व पार्षद कचरू साहू श्याम चावला प्रेम बिरनानी तेजकुमार बजाज राजकुमार वाडिया राधा कृष्ण सुंदरानी विकास रूपरेला झामनदास बजाज वासु नारायण महाराज डॉ. गोपाल चावला अशोक मलानी मनोहर चन्दनानी बबला होतवानी राजू भाई तारवानी गिरीश लहेजा ओमप्रकाश पंजवानी परमानंद चिमनानी जीवत तोलवानी राजू पंजवानी महेश लहरवानी इंदु गोधवानी पीतांबर कोडवानी किशन मनुजा रूपचंद पंजवानी तनेश आहूजा मुकेश पंजवानी अमर वाधवानी धनेश मटलानी रितेश वाधवा महेश माटा नंदलाल मूलवानी अशोक गुरबक्षानी रमेश मनकानी संजय मोटवानी रिक्की जुडानी जीतू तलहर रिंकू प्रेमचंदानी राजू वासवानी चंद्र कुमार डोडवानी शंकर नागवानी अनिल होतवानी पृथ्वीराज दयानी बिरजू दयानी दौलत सिहानी अनिल लाहौरी मोनू आहूजा अशोक इसरानी दर्शन सोनारो जग्गी रघुवंशी सुरेश मंधान जितेंद्र बड़वानी रतन वरल्यानी मनीष पंजवानी नीरज मनवानी विकी नागवानी संदीप शिवदासानी मुक्कू आहूजा आकाश पंजवानी मयंक प्रदीप शर्मा दिलीप हासवानी मनोहर सोनी प्रकाश ज्ञानचंदानी सुभाष रहेजा जयराम कुकरेजा दिलीप कृष्णानी सुरेश टहलरामानी सुनील फागवानी कपिल आचार्य श्रीमती शकुंतला लखवानी कविता वलेचा सरोज सोनी कविता चावला सुषमा लहरवानी मीना असरानी अर्चना मंगतानी गरिमा मध्यानी गुंजन मध्यानी हेतल सोनारो गंगा वलेचा सुनीता दीदी दुर्गा निहलानी सुलोचना नारायणी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने इस महाआरती में भाग लिया और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रतिदिन राजधानी
गुरूवार 15, मई 2025

सम्पादकीय

# पक्का घर का सपना पूरा कर रही सरकार

अक्सर लोग कहते हैं कि जीवन के लिए जरूरी है रोटी,कपड़ा और मकान। मकान तो सबको चाहिए ही चाहिए। पक्का मकान तो गरीब आदमी का सपना होता है। वह लोगों के पक्के घर देखकर सोचता रहता है कि उसका पक्का मकान कब होगा, कुछ बरस पहले तक गरीब आदमी कच्चे मकान,घासफुस की झोपड़ी में रहकर सपना ही देखता ही था पक्के मकान का । वह सोचता था कच्चे मकान में रखने से कितनी तकलीफ होती है और पक्के मकान में रहने का क्या क्या सुख होता है।देश में मोदी सरकार व राज्य में साय सरकार आने के बाद गरीबों का पक्का मकान का सपना पूरा हो रहा है. केंद्र व राज्य सरकार गरीबों को पक्का मकान बनाकर दे रही है। कभी पीएम आकर गृहप्रवेश कराते हैं तो कभी केंद्रीय मंत्री आकर गरीबों को आवास की चाबी सौंपकर गृहप्रवेश कराते हैं।इस बार कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 51000 गरीबों को गृहप्रवेश कराया है। यह वाकई पुण्य काम है। क्योंकि एक पक्का घर मिल जाने से गरीबों की कितनी ही तकलीफें दूर हो जाती है। वह दिन हो या रात हो चैन से रह सकते हैं, चैन से सो सकते हैं।यह राज्य के गरीबों को पांच साल पहले भी मिल सकता था लेकिन तब के सीएम भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना के लिए राज्य का अंश नहीं दिया और लाखों गरीब पक्के मकान से वंचित हो गए थे।केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने राज्य के 51 हजार गरीबों के गृहप्रवेश के मौके पर इस बात को याद करते हुए कहा है कि भूपेश बघेल की सरकार ने एक पाप किया था।उसने गरीबों का मकान नहीं बनने दिया था। पीएम मोदी गरीबों के मकान के लिए पैसे भेजते थे और लेकिन भूपेश बघेल गरीबों के लिए मकान नहीं बनवाए। लाखों गरीबों की हाय लगी और आज भूपेश सरकार चली गई। सब जानते हैं कि सीएम बघेल ने अपने समय में यह पाप किया था उन्होंने इसके लिए अंशदान जारी नहीं किया था।इस वजह से राज्य में पीएम आवास योजना पिछड़ गई थी। कांग्रेस इससे मुकर नहीं सकती क्योंकि पीएम आवास योजना के लिए अंशदान नहीं देने की वजह से ही तत्कालीन पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और पंचायत मंत्रालय छोड़ दिया था। मौके पर सीएस साय ने भी बघेल सरकार के इस पाप का याद करते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकाप पांच साल रही और पांच साल उसने गरीबों के लिए मकान नहीं बनाए,ऐसा करके उसने गरीबों का अधिकार छीना,उनके सिर से पक्की छत का अधिकार छीना,इससे 18 लाख गरीब पीएम आवास से वंचित रह गए।वह भी सिर्फइसलिए कि इस योजना में पीएम का नाम जुड़ा था।भूपेश सरकार ने गरीबों के साथ अन्याय किया यही वजह है कि राज्य के हर चुनाव में राज्य के गरीबों ने उनका कई बार नकार दिया है। साय ने कहा कि पीएम मोदी ने 23 के विस चुनाव में कहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत करना हमारा पहला काम होगा। राज्य सरकार यह काम गरीबों के हित का है, पीएम मोदी का वादा है इसलिए गंभीरता से कर रही है। उसकी कोशिश है कि राज्य में जो भी पात्र लोग हैं, उनको पीएम आवास जरूर मिले। सीएम साय जानते हैं कि राज्य में पांच साल में इतना भ्रष्टाचार बढ़ा है, इतना भ्रष्टाचार हुआ है कि निचले स्तर तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है और गरीब व पात्र लोगों को निचले स्तर के कर्मचारियों व अधिकारियों की रिश्वतखोरी के कारण भी कई सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाता है।

# पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात?

पहलगांव में घटित आतंकी घटना के बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई से एक बार फिर से पाकिस्तान हताश और निराश दिखाई दिया। इसी हताशा के चलते पाकिस्तान ने अमेरिका के समक्ष मिन्नत करके भारत की जबरदस्त कार्रवाई को युद्ध विराम में परिवर्तित करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन इससे पाकिस्तान पर मंडरा रहे संकट का पूरा समाधान नहीं निकल सका है। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। आतंक और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती। इसका आशय स्पष्ट है कि भारत किसी के दबाव में नहीं है। आतंक को समाप्त करने के लिए उसका अभियान जारी रहेगा।

हालांकि अब युद्ध विराम हो गया है, लेकिन चारों तरफसे बुरी तरह से घिर चुके पाकिस्तान के सामने अब नई चुनौती पैदा हो गई है। यह नई चुनौती भारत ने नहीं, बल्कि उनके अपनों ने ही पैदा की है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार को राजनीतिक विरोधियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम जनता भी सरकार के युद्ध विराम के फैसले से नाखुश है।आम जनता अपनी ही सरकार और सेना पर कई प्रकार के सवाल खड़े करने लगी है। कहा जाता है कि जब धुआं उठा है तो आग भी अपना रूप दिखा सकती है। वैसे पाकिस्तान के बारे में यह सत्य है कि उसने अपने ही देश में बारूद के ढेर स्थापित कर दिए हैं। यह बारूद के ढेर आतंकी सरगनाओं द्वारा चल रहे प्रशिक्षण शिविर हैं।



सुरेश हिंदुस्तानी

जहां आतंकी पैदा किए जाते हैं। आज जहां पूरे विश्व में आतंक के विरोध में वातावरण है, वहीं पाकिस्तान आतंकियों को पालने और पोषने वाले देश के रूप में पहचान बना चुका है। यह कई बार प्रमाणित भी हो चुका है। आज भी पाकिस्तान के अंदर अंतरराष्ट्रीय आतंकी तौर पर घोषित आतंकी छुप कर बैठे हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस तरह से आतंकी शिविरों पर आक्रमण किया, उससे एक बार फिर यह सिद्ध हो चुका है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को पैदा करने के उद्योग चल रहे हैं। पाकिस्तान को आतंक के विरोध में कार्रवाई करने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन पाकिस्तान सरकार आतंकियों के विरोध में कोई ठोस अभियान नहीं चलाती। इसका कारण यह भी है कि पाकिस्तान की राजनीति को आतंकी ही संचालित करते हैं। आतंकियों द्वारा कई बार सरकार को बनाने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन भी दिया जाता है। जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के अंदर राजनीतिक विद्वेष इतना है कि जो भी राजनीतिक दल सत्ता में आता है, वह अपने पूर्ववर्ती सत्ता प्रमुख को ठिकाने लगाने को ही अपना प्रमुख कार्य मानता है। अभी शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने अपने से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कई आरोप लगाकर जेल भेजने का काम किया। पाकिस्तान में ऐसा पहली बार नहीं हुआ। ऐसा पहले भी हो चुका है।

इसलिए यही कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की नियति बन चुका है। जिसके कारण पाकिस्तान के राजनीतिक दलों में बहुत गंभीर मतभेद हैं। आज पाकिस्तान में भले ही पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता शहबाज शरीफप्रधानमंत्री हैं, लेकिन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो भी सरकार में शामिल हैं। कभी एक दूसरे के धुर विरोधी रहे यह दोनों दल बेमेल गठबंधन करके पाकिस्तान में सरकार चला रहे हैं। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि इन दोनों दलों का एक ही उद्देश्य था, इमरान खान को सत्ता में आने से रोकना। सबसे ज्यादा सीट प्राप्त करने के बाद भी इमरान को विपक्ष की भूमिका से संतुष्ट होना पड़ा। अब इमरान खान के समर्थक युद्ध विराम के बाद सरकार के विरोध में अभियान छेड़े हुए हैं। इसी प्रकार ब्लूचिस्तान की भूमिका के बारे में सब जानते हैं। बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना पर कई बार आक्रमण करके यह जता दिया है कि वे अब पाकिस्तान के साथ नहीं रह सकते। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही जंग के बीच ब्लूचिस्तान ने भी पाकिस्तान की सेना को निशाना बना कर कई आक्रमण किए। इससे पूर्व ब्लूचिस्तान के लड़ाकों ने जफर एक्सप्रेस को हाई जैक करके पाकिस्तान की सरकार के समक्ष चुनौती पूर्ण हालात पैदा कर दिए थे। ब्लूचिस्तान लम्बे समय से पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहा है।

दूसरी ओर पाकिस्तान के अंदर सिंध और पंजाब में भी कई बार सरकार के विरोध में स्वर मुखरित हो चुके हैं। कहा जाता है कि इन दोनों राज्यों के साथ सरकार ने उपेक्षित व्यवहार किया है। इसके कारण पाकिस्तान की सरकार को जनता के विरोध का सामना करना पड़ा है। यह सारी स्थिति पाकिस्तान को गृह युद्ध की ओर भी ले जा सकती है।

# यह अल्पविराम है, युद्ध तो होगा ही !

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को जिस तरह से नष्ट किया, विश्वभर में उसका कोई दूसरा उदाहरण सहसा ही स्मरण नहीं आता। आतंकी ठिकानों के विनाश और सैकड़ों आतंकियों की अर्थी एक साथ उठने से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय शहरों, आम नागरिकों, पूजा स्थलों और सैन्य ठिकानों पर हमले करके जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया उसके बारे में क्या कहा ही कहा जाए।

पाकिस्तान की सेना के हमलों के प्रत्युत्तर में जब वीर भारतीय सैनिकों ने अपने हथियारों का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ा तो तीन ही दिन में पाकिस्तान दया की भिक्षा मांगने लगा। दुनिया में श्रेष्ठ सैनिकों में शामिल भारतीय सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान के हमलों को कुशलता पूर्वक असफल किया और उसके सैन्य ठिकानों पर अचूक निशाना लगाया है, उससे विश्व की तमाम छोटी-बड़ी शक्तियां अवाक और संज्ञाशून्य की स्थिति में है। दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद मौखिक संघर्ष विराम हो चुका है। पाकिस्तान की प्रवृति, चरित्र और इतिहास के आलोक में एक बात स्पष्ट तौर पर जान लीजिए, या गांठ बांध लीजिए, आज नहीं तो कल युद्ध तो होना ही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मिनट के अपने सटीक, संतुलित और सारगर्भित संबोधन में पाकिस्तान के दुष्ट आचरण और दुष्प्रवृति को समस्त विश्व के समक्ष निरावृत करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से साहसी भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जितनी गहरे घाव दिए हैं, वो उसकी आने वाली संततियों को भी विस्मृत नहीं होंगे। वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को इतनी बुरी तरह से नहीं पीटा, जितना ऑपरेशन सिंदूर में उसको क्षति पहुंची है। जितने गहरे घाव उसे इस बार वीर भारतीय सैनिकों ने दिये हैं, वो अगर पूर्व में दिए गए होते तो यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं होती। एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में पाकिस्तान हर बार बचता रहा। और हमारे सैनिक चाहकर भी पाकिस्तान को छोड़ते रहे। लेकिन वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने जिस दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही है।

साहसी भारतीय सेना के हमलों से हो रहे प्रत्यक्ष और संभावित नुकसान के दृष्टिगत पाकिस्तान अपने आका अमेरिका की शरण में गया, लेकिन उसे वहां से भी कोई संतोषप्रद आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। अंततोगत्वा पाकिस्तान के मिलट्री ऑपरेशन के डीजी ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क साधा। भारतीय सेना ने अपने संकल्पों, नियमों और इच्छा अनुकूल संघर्ष विराम की उद्घोषणा की। संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने का भरपूर प्रयास अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रंप ने किया। लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग और प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन ने अमेरिका के सारे दावों की हवा निकाल दी। एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।

पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है। जब तक भारत है, तब तक पाकिस्तान की लड़ाई है। तो भारत का होना, भारत की उपस्थिति, भारत का अस्तित्व ये पाकिस्तान के लिए जोखिम है। वो इसी जोखिम को समाप्त करने का प्रयास करता रहता है।

भारत को मिट्टी में मिलाने के पाकिस्तान ने पहले युद्ध के माध्यम से प्रयास किए। जब उसने यह देखा कि युद्ध में हानि अधिक है, और वह अपने लक्ष्यों का प्राप्त नहीं कर पा रहा है तो उसने छद्म युद्ध शुरू किया। इस छद्म युद्ध के अंतर्गत आतंकवादियों का संरक्षण, प्रशिक्षण देकर भारत में अशांति फैलाने की नीति पर चलना शुरू किया। इसमें कोई बड़ा खर्च भी नहीं है। शस्त्र क्रय करने के लिए उसे धन अमेरिका, यूरोप, तुर्किये और चीन दे ही देते हैं। अफगान युद्ध का उसने खूब लाभ उठाया। अमेरिका से उसने पैसा भी लिया।

# वजन कम करना चाहते हैं तो स्नैकिंग के हेल्दी विकल्पों को अपनाएंः डॉ रोहिणी पाटिल



रायपुर, खाने के बीच भूख लगना उन लोगों के लिए परेशानी हो सकता है जो वजन कम करना चाहते हैं। इस भूख के दौरान हमें अक्सर ऐसी चीजें खाने का मन करता है जो सेहत के लिए अच्छी नहीं होतीं, जिससे वजन कम करने का लक्ष्य बिगड़ सकता है। लेकिन सही तरीके से नाश्ता करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ. रोहिणी पाटिल (एमबीबीएस और न्यूट्रिशनिस्ट) कहती हैं कि बादाम, फल और सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ सही मात्रा में खाने चाहिए। स्नैकिंग के ये बादाम सहित स्मार्ट विकल्प न केवल भूख को शांत करते हैं, बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी देते हैं जो आपको एनर्जी से भरपूर रखती हैं और आपको संतुष्टि भी मिलती है।

यहां कुछ सेहतमंद नाश्ते के विकल्प दिए गए हैं जो आपको तृप्त रखेंगे और वजन कम करने की राह पर मदद करेंगे। मुट्ठी भर बादाम में प्रोटीन, मैग्नीशियम, विटामिन ई और जिंक जैसे 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं। इनका कुरकुरा स्वाद भूख को शांत करता है। बादाम दिल, त्वचा के लिए अच्छे हैं, और इन्हें खाकर संतुष्टि का अहसास होता है। ये वजन नियंत्रण में मदद करते हैं। डॉ. पाटिल ने खासतौर पर कैलिफोर्निया आमंड्स की सलाह दी है, जिनमें प्रोटीन, गुड फैट और फाइबर होते हैं, जो लंबे समय तक पेट भरा रखते हैं। इन्हें अकेले खाएं, स्मूदी में डालें, सलाद में मिलाएं या मसाले के साथ भूनें।

# कार्रवाई आतंकियों के सफाए के बाद रुके

**सुनील दास**

पाकिस्तान आतंकियों को पालता पोसता इसलिए है कि उनका इस्तेमाल कर वह भारत को समय समय पर गहरे जख्म देता रहे।पाकिस्तान भारत से कई बार लड़ के देख लिया, हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा है, वह जानता है कि भारत से वह युध्द कर जीत नहीं सकता है। फिर भी वह भारत में आतंकवादियों को हमले के भेजकर कर युध्द के लिए उकसाता रहता है।भारत की सेना को पाकिस्तान व आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देना आता है लेकिन सेना को इसकी इजाजत मिले तो वह कुछ करे।2014 के पहले देश में राजनीतिक इच्छाशक्ति लंबे समय तक कमी रही।देश में मजबूत सरकार होती है तो मजबूत इच्छाशक्ति होती है। मजबूत फैसले लिए जाते है।



2014 के बाद देश में मोदी की मजबूत सरकार आने के बाद आतंकवादियों को जिस तरह कड़ा जवाब दिया गया, हर बार पहले से ज्यादा कड़ा जवाब दिया गया,वैसा जवाब पहले भी दिया जा सकता था लेकिन देश के सम्मान की जगह तब अपने राजनीतिक हित को ज्यादा महत्व दिया गया। मुंबई हमले के बाद सेना कार्रवाई के लिए तैयार थी लेकिन इजाजत नहीं दी गई कि वोट बैंक नाराज हो जाएगा।मोदी सरकार ने सिंतबर 16 में जम्मू कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के बेस पर आतंकी हमले में 19 जवानों के मारे जाने को पहली बार गंभीरता से लिया और भारत ने पहली बार नियंत्रण रेखा पार कर सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकी लांच पैडों को नष्ट कर अपनी सीमा में लौट आई।

यह आतंकवाद के खिलाफ पहली बड़ी कार्रवाई थी और आतंकियों को संदेश दिया गया था कि भारत आतंकियों के सफाए के लिए सीमा पार भी कर सकता है।इसके बाद फरवरी 19 में पुलवामा में सीआरपीएफके काफिले पर आतंकियों ने आत्मघाती हमला कर 40 जवानों का मार दिया था। इस पर पहली बार भारत ने आतंकियों के सफाए के लिए बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर जैशे मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविर पर हमला किया था और पाकिस्तान का संदेश दे दिया था कि भारत आतंकियों के सफाए के लिए पाकिस्तान के भीतर घुसकर भी हमला कर सकता है। भारत ने पिछले दस सालों में देश के भीतर आतंकवाद को समाप्त कर दिया और जम्मू कश्मीर में भी उसे अच्छी सफलता मिली थी लेकिन पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को बनाए रखने के लिए आतंकवादी संगठनों के जरिए वारदात करवाता रहा। मौके की ताक में रहा कि कब उसे कोई बढ़ी घटना को अंजाम देने का मौका मिले वह मौका उसे पहलगाम में मिला। उसने 26 भारतीयों की उनका धर्म पूछ कर हत्या की। यह भारत की आत्मा पर गहरा जख्म था इसलिए इस मामले में मोदी सरकार ने वह करने का फैसला किया जो उसने आज तक नहीं किया था। पहले वह इसलिए नहीं कर सकी क्योंकि उसके पास ऐसे अत्याधुनिक साधन नहीं थे। आज उसने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के पीओके, पंजाब के आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के 9 ठिकानों को बिना पाकिस्तान की सीमा पार कर नष्ट कर दिया है।और इस बार के एयर स्ट्राइक में भारत ने यह संदेश दिया है कि अब भारत पाकिस्तान के भीतर कही भी आतंकियों का सफाया कर सकता है। कभी भी आतंकियों का सफाया कर सकता है और पाकिस्तान उसे रोक नही सकता।

**मेष**

आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखने की आवश्यकता है। आप लोगों से अपने काम को आसानी से निकालने में कामयाब रहेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। कोई काम यदि पूरा होने में समस्या आ रही थी

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप बड़े बुजुर्गों की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके लोगों को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। भाई व बहनों की मदद से आपको अच्छा फायदा मिल सकता है। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके विरोधी आपको पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। व्यापार में आपको कुछ नए अवसर मिलेंगे। धन लाभ होगा। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती हैं। आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को धैर्य व साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आपको दूसरों के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। प्रॉपर्टी को लेकर आपके घर में कोई विवाद खड़ा हो सकता है,

**तुला**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। बच्चों को अच्छा काम करते देख आपका मन खुश रहेगा। जीवनसाथी को आप कहीं शॉपिंग आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आप किसी के बहकावे में आकर किसी नए काम में हाथ ना डालें, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए उलझनो में भरा रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपके कुछ नए मित्र बनेंगे ।

**धनु**

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उनकी कोई बड़ी डील फाइनल होगी। आपको कहीं भी बाहर घूमने फिरने जाने से बचना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको आर्थिक मामला में बहुत ही संभल कर चलने की आवश्यकता है, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचे। संतान की शिक्षा में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी,

**कुंभ**

आज का दिन आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कामों में खूब लगेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मीन**

आज आपको अपनी आय और व्यय भी में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, तभी आपका दिन बेहतर रहेगा, नहीं तो आपके खर्च अधिक रहेंगे। आपका मन कोई काम पूर्ण होने से परेशान रहेगा, लेकिन आप अपनी इनकम को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे। रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

## सार समाचार

### मंत्री ओपी चौधरी आज दंतेवाड़ा प्रवास पर

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

आज रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतिया के संबंध जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित है। जिसमें मुख्य अतिथि ओपी चौधरी , मंत्री वित्त एवं वाणिज्य कर विभाग आवास एवं पर्यावरण विभाग योजना तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग छ. ग. शासन होगें । वहीं अध्यक्षता केदार कश्यप , मंत्री जल संसाधन विभाग वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहकारिता विभाग छ. ग. शासन करेगें । विशिष्ट अतिथि महेश कश्यप सांसद बस्तर, चैतराम अटामी विधायक दंतेवाड़ा, नंदलाल मुड़ामी अध्यक्ष जिला पंचायत दंतेवाड़ा उपस्थित रहेंगे। जब की जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के अनुसार जिले में निवासरत वरिष्ठ भाजपाई, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी मण्डल पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी, मोर्चाओं के पदाधिकारी, समस्त कार्यसमिति सदस्य,प्रकोष्ठों के संयोजक, सह संयोजक, जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता की उपस्थित रहेगें ।



## प्रदेश में ट्राइबल यूजियम बनेगा पर्यटन और शोध का बड़ा केन्द्र : सीएम साय

# मुख्यमंत्री साय ने राज्य के पहले ट्राइबल म्यूजियम का किया लोकार्पण

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

आदिवासी बाहुल्य राज्य छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने ट्राइबल म्यूजियम बनाकर आदिवासी संस्कृति, सभ्यता और उनकी जीवनशैली को आमजनों तक पहुँचाने के लिए अभिनव पहल की है। इसके लिए नवा रायपुर अटल नगर में करीब 10 एकड़ क्षेत्र में भव्य एवं आकर्षक आदिवासी संग्रहालय (ट्राइबल म्यूजियम) बनाया गया है। राज्य के पहले ट्राइबल म्यूजियम का लोकार्पण आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। मुख्यमंत्री साय ने लोकार्पण कार्यक्रम में सबसे पहले आदिवासी परम्परा अनुरूप मुख्य द्वार पर द्वार पूजा व श्रीफल तोड़कर नवनिर्मित ट्राइबल म्यूजियम में प्रवेश किया। वहीं प्रवेश गैलेरी में पंचतत्व के साथ प्रकृति शक्ति की पूजा करते हुए मंगलकामना की। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम विशेष रूप से मौजूद रहे।



ट्राइबल म्यूजियम के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने फीता काटकर व प्रकृति शक्ति की पूजा कर जहाँ म्यूजियम का लोकार्पण किया तो साथ ही मौजूद अतिथियों के साथ ट्राइबल म्यूजियम का अवलोकन किया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन की शुरुआत भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुंडाधूर के जयकारों से की। उन्होंने सबसे पहले छत्तीसगढ़ के निर्माता तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि, अटल ने आदिवासी बहुल क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ पृथक राज्य बनाया। अटल जी के कार्यकाल में ही जनजाति विकास के लिए केन्द्र सरकार ने आदिम जनजाति कल्याण मंत्रालय का गठन हुआ। वहीं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आदिवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान और विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लिए पीएम जनमन योजना लागू की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, भारत में आज आदिवासी समुदाय से संबंध रखने वाली बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद को सुशोभित कर रही हैं।

ट्राइबल म्यूजियम को लेकर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, हमारे छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पहचान हमारी सुंदर जनजातीय संस्कृति से है। इस जनजातीय संस्कृति की भव्य झलक एक ही परिसर के नीचे दिखाने आज हमने ट्राइबल म्यूजियम का लोकार्पण किया है। छत्तीसगढ़ में जनजातीय संस्कृति में विविधता है और हर जनजातीय समुदाय की अपनी विशिष्ट पहचान है। प्रदेश में देखें तो 43 जनजातीय समुदाय हैं और इनकी अनेकों उपजातियाँ हैं। इसके साथ ही हमारे राज्य में विशेष पिछड़ी जनजातियाँ भी हैं। जनजातीय समुदाय का सुंदर संसार, इनका खानपान, पहनावा, संगीत, लोककला, वाद्ययंत्र, नृत्य इन सबकी झलक आपको इस म्यूजियम में दिखेगी। इसमें 14 गैलरी हैं और हर गैलरी एक विशेष थीम पर बनाई गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह संग्रहालय न केवल आदिवासी समाज की परंपराओं, कला और संस्कृति को संरक्षित करेगा, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने में भी अहम भूमिका निभाएगा। संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जनजातीय समुदायों की जीवनशैली, वेशभूषा, लोककला, रीति-रिवाज और धार्मिक मान्यताओं को दृश्य और डिजिटल माध्यमों से दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा, इस म्यूजियम में हमारे जनजातीय क्षेत्रों की बहुरंगी संस्कृति की झलक दिखाई गई है। यह झलक दर्शकों को इस बात के लिए प्रेरित करेगी कि वे बस्तर और सरगुजा घूमने जाएं और जिन चीजों को उन्होंने इस म्यूजियम में महसूस किया है उसे वहां प्रत्यक्ष रूप में देख सकें। उन्होंने कहा, हमारा छत्तीसगढ़ जनजातीय राज्य है और यहां जनजातीय समुदाय की आबादी 32 फीसदी है। इतनी बड़ी आबादी के जनजीवन को दिखाने का हमारे पास अब तक कोई भव्य म्यूजियम छत्तीसगढ़ में नहीं था। अब यह कमी पूरी हो गई। मुख्यमंत्री ने समाज के सभी वर्गों से आग्रह किया कि वे आदिवासी संस्कृति को समझें, सम्मान करें ।

## सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम

# सुकमा में AM/NS इंडिया ने 'बेटी पढ़ाओ' छात्रवृत्ति कार्यक्रम की शुरुआत की

**सुकमा,प्रतिदिन राजधानी**

आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (AM/NS इंडिया) ने अपने प्रमुख कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पहल 'बेटी पढ़ाओ' छात्रवृत्ति कार्यक्रम का विस्तार छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले तक करते हुए एक सराहनीय पहल की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से वंचित परिवारों की लड़कियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने और उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को साकार करने का अवसर दिया जा रहा है।

'बेटी पढ़ाओ' छात्रवृत्ति कार्यक्रम की शुरुआत मार्च 2022 में की गई थी, और यह अब तक छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों की लगभग एक हजार वंचित युवतियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला चुका है। इस कार्यक्रम के माध्यम स` AM/NS इंडिया ने यह साबित किया है कि शिक्षा ही सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। अब, सुकमा में इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम का विस्तार कर कंपनी ने यह सिद्ध किया है कि



वह शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिले की 13 योग्य छात्राओं को कुल 1.74 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जो उनके शैक्षणिक भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। छात्रवृत्ति वितरण समारोह में छात्राएं, उनके माता-पिता और संबंधित स्कूलों के शिक्षक शामिल हुए। इस अवसर पर छात्रा मोनिका बघेल ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा, मैं बहुत खुश हूं, मेरे माता-पिता भी खुश हैं कि मुझे AM/NS इंडिया से छात्रवृत्ति मिली। ग्रामीण छात्रों के लिए 'बेटी पढ़ाओ' जैसी छात्रवृत्तियां वरदान की तरह हैं। इससे हमारी शैक्षणिक जरूरतें पूरी होंगी और हमें उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी। मैं इस अवसर के लिए AM/NS इंडिया की आभारी हूं। सुकमा जिले के ADEO प्रशाद डैनियल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, AM/NS इंडिया जैसी बड़ी कंपनी से छात्रवृत्ति प्राप्त करना आसान नहीं है। चयनित छात्राएं वाकई विशेष हैं। मैं सभी छात्राओं से आग्रह करता हूं कि वे इस छात्रवृत्ति का पूरा लाभ उठाएं और स्वयं, अपने परिवार, जिले तथा देश के लिए गौरव बनें। मैं AM/NS इंडिया को जिले में शिक्षा के माहौल को बेहतर बनाने के लिए धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि इन बच्चियों का भविष्य उज्ज्वल होगा।

इस अवसर पर जिले के समाजसेवी श्री सीताराम राणा ने कहा, हमें गर्व है कि हमारे जिले की लड़कियों को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया है। साथ ही, यह गर्व की बात है कि हमारे जिले में AM/NS इंडिया जैसी कंपनी कार्यरत है, जो केवल स्टील नहीं बना रही, बल्कि बेटियों के सपनों को भी आकार दे रही है। ये छात्राएं भविष्य में अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी। कार्यक्रम में कुम्हारस प्राथमिक विद्यालय, सुकमा की मुख्याध्यापिका श्रीमती शीला सिंह भी उपस्थित थीं, जो अपनी तीन छात्राओं के साथ पहुंचीं। उन्होंने कहा, एक लड़की को शिक्षित करना दो परिवारों को शिक्षित करने के बराबर होता है ङ्क एक वह जिसमें वह जन्म लेती है और दूसरा वह जिसमें वह विवाह के बाद जाती है। AM/NS इंडिया की यह पहल लड़कियों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी उत्साहित करेगी, जिन्होंने आर्थिक संघर्षों के बावजूद अपनी बेटियों की शिक्षा का समर्थन किया है।

# गुणवत्ताहीन निर्माण पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव सख्त, कमेटी बनाकर तुरंत जांच के निर्देश

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण की शिकायत पर एक बार फिर सख्ती दिखाई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों की तत्काल कमेटी बनाकर इसकी जांच के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री साव के निर्देश पर प्रमुख अभियंता ने विभागीय अधिकारियों की कमेटी बनाकर एक सप्ताह में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है।



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने एल.डब्ल्यू.ई. योजना के तहत निर्माणाधीन नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग में गुणवत्ताहीन कार्य के संबंध में सोशल मीडिया में प्रकाशित समाचार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रमुख अभियंता को वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने कांकेर मंडल के अधीक्षण अभियंता संजय सूर्यवंशी और कार्यपालन अभियंता के.के. सरल की दो सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग में किये गये कार्य की जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के परीक्षण प्रयोगशाला को ले जाकर कार्य की सूक्ष्मता से जांच करने को कहा है।

उन्होंने इस जांच में आवश्यकतानुसार उप अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं की सेवाएं लेने के लिए भी निर्देशित किया है। प्रमुख अभियंता ने सात दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन अनिवार्यत: प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ताहीन कार्यों के जिम्मेदारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर विगत जनवरी में भी गुणवत्ताहीन कार्यों पर जवाबदेही तय करते हुए बीजापुर से लेकर रायपुर तक अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई थी। राज्य शासन ने गुणवत्ताहीन कार्यों पर सख्ती बरतते हुए अधिकारियों को निलंबित करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही एफआईआर तक की कार्रवाई की थी।

### सुषमा के स्नेहिल सृजन
### नारी सशक्तिकरण

परिवर्तन का दौर है, स्वयं शक्ति पहचान।
चलना है अब दूर तक, पंथ बने आसान।।
नारी निर्भय हो सदा, जनता के दरबार।
राज प्रशासन दृढ़ हों, मिले हमें अधिकार।।
काम करो जग में यहाँ, रखना ऊँचा नाम।
निर्मल पावन मन रखें, साथ रहें भगवान।।
करो भरोसा आप ही, मिले सदा सम्मान।
आस लगाना व्यर्थ है, हित अनहित पहचान।।
दिया हमें जब ईश ने, नारी तन अनमोल।
नेक मार्ग चलना सदा, मधुर-मधुर हों बोल।।
नारी तू अबला नहीं, ले विवेक से काम।
करो भरोसा आप ही, चलना है अविराम।।
आदर से करना सभी, बात-बात को तोल।
मीठी वाणी बोल कर, मुख में मिश्री घोल।।
'सुषमा' सुंदर जग बने, रखना पावन चाह।
कभी किसी को दर्द हो, चलो नहीं वह राह।।

... कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल (रायगढ़/रायपुर)



## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हम सब एकजुट : मुख्यमंत्री देव साय

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, नागरिकों ने दिया एकजुटता और देशभक्ति का संदेश

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी हम सभी एक हैं। देश के, अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अपनी सेना के साथ हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में सभी वर्गों के लोग, सेवानिवृत्त सैनिक, समाज सेवी संगठन, आम नागरिक, महिला एवं पुरुष, बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर एकजुटता, देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह



धराशायी कर दिया। हम सभी अपनी सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं। आज का भारत नया भारत है, जो किसी भी दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब देने में सक्षम है। हमें सर झुकाने की जरूरत नहीं होगी, हमारा डंका पूरी दुनिया में बजेगा। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल कूटनीति के कारण पूरे विश्व में देश का सम्मान बढ़ा है और पाकिस्तान का आतंकवाद को शह देने का चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी स्थगित हुआ है बंद नहीं हुआ है। उन्होंने कह की आज के इस दौर में हमें अफवाहों से सचेत रहने की जरूरत है। हमें हमारी सेना एवं नेतृत्व में पूर्ण विश्वास है उनके हाथों में देश सुरक्षित है। लोकसभा सांसद रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से आज हम एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर जगदलपुर विधायक श्री किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत का नया पैमाना तय किया जा रहा है जिसमें देश के दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दिया जा रहा है। हमारे सैनिकों पर हमें पूरा विश्वास है उनके शौर्य और पराक्रम से हमारा देश सुरक्षित है। पहलगाम आतंकवादी हमला का जवाब ऑपरेशन सिंदूर हमारे अभिमान का प्रतीक है एवं माता बहनों की उजड़ी मांग के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# टाइगर प्वाइंट और उल्टा पानी पर्यटन स्थल को विकसित करने विधायक का निरीक्षण



**रायपुर,सीतापुर**

मैनपाट को छत्तीसगढ़ का शिमला कहा जाता है, इसका मुख्य कारण यहां पर्यटन स्थल और वातावरण जो सैलानियों को अपनी ओर हमेशा आकर्षित करता रहा है,, यहां पर्यटन की अपार संभावना दिखाई दे रही है, जिसको बढ़ाने के लिए सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो योजना बना रहे हैं,, आज सबसे पहले सीतापुर विधायक महोदय संबंधित अधिकारियों को लेकर टाइगर प्वाइंट और उल्टा पानी पर्यटन स्थल पर पहुंचे। और वहां को विकसित और व्यवस्थित करने के साथ आकर्षक बनाने के लिए योजना बना रहे हैं। टाइगर प्वाइंट क्षेत्र का घेराव, आकर्षक प्रवेश द्वार,गुलाब गार्डन,सुंदर सेड,बिजली ,पानी,दुकानें आदि बनाने के लिए सर्वे किया,साथ ही उल्टा पानी पर्यटन स्थल को भी विकसित करने के लिए योजना बना रहे हैं,, इस मामले पर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो जी ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट को पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध बनाना चाहते हैं, उसी को लेकर काम कर रहे हैं,, जो यहां के पर्यटन स्थल है टाइगर प्वाइंट,उल्टापानी सभी जगहों को सैलानियों की सुविधा के हिसाब से विकसित करेंगे। आने वाले समय में यह क्षेत्र लोगों को और भी आकर्षित करेगा ।

# सुशासन तिहार में युवाओं को मिला रोजगार का सुनहरा मौका, 2428 पदों के लिए जॉब फेयर शुरू

### पहले दिन 74 आवेदकों का चयन कर नियुक्ति पत्र सौंपा गया

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

सुशासन तिहार-2025 के तहत रायपुर जिले में युवाओं की रोजगार संबंधी मांग को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष जॉब फेयर का आयोजन किया गया। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा आयोजित यह जॉब फेयर 14 और 15 मई को मल्टीलेवल पार्किंग,



कलेक्टर परिसर, घड़ी चौक, रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलाया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 6 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 2,428 विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जा रही है। पहले दिन कुल 187 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 74 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर उन्हें मौके पर ही नियुक्ति पत्र सौंपे गए। जॉब फेयर में भाग लेने वाली कंपनियों में टेक्नो टास्क, अलर्ट एस.जी.एस. प्रा. लि., अपोलो फर्मेसी, फ्लिोवामेडओरगा प्रा. लि., शांता टेक्नो प्रा. लि. और शिवशक्ति एग्रीटेक प्रा. लि. शामिल हैं। ये कंपनियां 10वीं, 12वीं, स्नातक, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, फ्टिर, वेल्डर, अकाउंटेंट, मशीन ऑपरेटर, हेल्पर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर सहित अन्य तकनीकी व गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती कर रही हैं। चयनित उम्मीदवारों को 8,000 से 40,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर अपने बायोडाटा, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक/ तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित हों।

# खरोरा में सड़क सुरक्षा पर हुआ सम्मेलन का आयोजन

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

जिला रायपुर में हो रहे लगातार सड़क दुर्घटना के घटनाओं को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा जिले में लोगों को जागरूक करने के साथ ही साथ यातायात के नियमो का पालन करने के लिये प्रेरित करने एवं जानकारी के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित करने के लिये दिये गये निर्देश के परिपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में प्रथम सड़क सुरक्षा सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमें वाना खरोरा क्षेत्र के मालवाहक वाहनों के मालिको को बही संख्या में सूचीबध्द करते हुए बुलाया गया,




उक्त सम्मेलन में लगभग 1,000 लोगों शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर ने अपने संबोधन में सभी मालवाहक वाहनो के स्वामी को किसी भी परिस्थिति में सवारी नहीं बैठाने, शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओव्हर लोडिंग व ओव्हर स्पीड वाहन नही चलाने की हिदायत दिया तथा भविष्य में इन नियमो के उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट एवं बी.एन.एस. के विभिन्न धाराओं के तहत् कड़ी कार्यवाही करने के बात की बताई। अपने संबोधन में उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह ने मालवाहक से संबंधित कानूनी प्रावधानो की विस्तृत जानकारी दिया। नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा विरेन्द्र चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी खरोरा दीपक पासवान ने लोगो को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान दिनांक 11.05.2025 को रात्रि में हुए सड़क दुर्घटना में मृतको एवं घायलो को तत्काल अस्पताल भेजने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिनेश वर्मा, परमेश्वर वर्मा, सुमित सेन, अंकित वर्मा, डोमन नायक, डोमार धुरंधर और राकेश निषाद को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम खरोरा क्षेत्र के सभी जनप्रति निधि, सरपंच, जनपद सदस्य, मीडिया के लोग, सहित आम लोग, वाहन चालक, वाहन स्वामी, 1,000 की संख्या में उपस्थित रहे।

# कांस 2025 : पैरेट क्लच लेकर पहुंचीं उर्वशी

## देश में चल रहे तनाव के बीच आलिया का डेब्यू कैंसिल
## हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप को कहा असभ्य प्रेसिडेंट

78वे कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 13-24 मई को हो रहा है। 13 मई को फेस्टिवल के पहले दिन उर्वशी रौतेला ने दुनियाभर के कई मशहूर लोगों के साथ रेड कार्पेट पर वॉक की। वहीं इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया इस साल कांस की ज्यूरी मेंबर बनी हैं, जिनकी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने बीते साल कांस में ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड अपने नाम किया था। आलिया भट्ट इस साल कांस के रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली थीं, हालांकि देश में चल रहे तनाव के चलते उनका डेब्यू कैंसिल हो चुका है। वहीं दूसरी तरफ ये फिल्म फेस्टिवल पाम डिओर जीतने वाले एक्टर रॉबर्ट डी नीरो के उस बयान से भी सुर्खियों में रहा, जिसमें उन्होंने रु प्रेसिडेंट पर निशाना साधते हुए मंच पर उन्हें असभ्य प्रेसिडेंट कहा है।

### आलिया भट्ट का कांस डेब्यू कैंसिल

78वें कांस फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन यानी 14 मई को आलिया भट्ट कांस के रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली थीं, हालांकि अब उनका डेब्यू कैंसिल हो चुका है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, आलिया ने भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते ये फैसला लिया है। उन्हें इस सेंसिटिव टाइम में कांस का हिस्सा बनना ठीक नहीं लग रहा था। डाकू महाराज एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला कांस के पहले दिन रेड कार्पेट पर मल्टीकलर गाउन पहनकर पहुंची थीं। डायमंड क्राउन और पैरेट क्लच से उर्वशी ने हर किसी का ध्यान खींच लिया। उर्वशी ने जूडिथ लीबर का 5 हजार डॉलर कीमत वाला क्रिस्टल पैरेट क्लच कैरी किया था। फिल्म फेस्टिवल में पहले दिन पहुंचकर उर्वशी फ्रेंच कॉमेडी ड्रामा पारतिर उन जोर की स्क्रीनिंग में शामिल हुई थीं। कांस फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन टाइटैनिक एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो पाम डिओर अवॉर्ड के प्रेजेंटर बने थे। वो रेड कार्पेट पर नहीं पहुंचे थे, हालांकि जैसे ही वो अवॉर्ड प्रेजेंट करने पहुंचे, तो उन्हें स्टैंडिग ओवेशन दी गई। उन्होंने सीनियर हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ड डी नीरो को अवॉर्ड देते हुए उन्हें अपना रोल मॉडल कहा। अवॉर्ड हासिल करने के बाद रॉबर्ट ने कांस को शुक्रिया अदा किया और फिर डोनाल्ड ट्रंप के उस फैसले पर नाराजगी जाहिर की, जिसमें प्रेसिडेंट ने कहा है कि वो अमेरिका से बाहर बनने वाली फिल्मों पर टैरिफ लगाना चाहते हैं। उन्होंने मंच पर स्पीच देते हुए कहा, कला सच है, कला विविधता को गले लगाती है और यही वजह है कि कला दुनिया के तानाशाहों के लिए खतरा है। अमेरिका के असभ्य राष्ट्रपति ने खुद को अमेरिका के प्रमुख सांस्कृतिक संस्थानों में से एक का प्रमुख नियुक्त किया है। उन्होंने कला, ह्यूमैनिटी, एजुकेशन के लिए फंड में कटौती की है। अब उन्होंने यूएसए के बाहर बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है। आप कनेक्टिविटी पर कीमत नहीं लगा सकते।

### पायल कपाड़िया बनीं ज्यूरी मेंबर

बीते साल ग्रैंड पिक्स अवॉर्ड जीतने वाली फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट की डायरेक्टर पायल कपाड़िया इस साल कांस की ज्यूरी मेंबर बनी हैं। कांस के पहले दिन उन्हें साथी ज्यूरी मेंबर्स के साथ देखा गया था। इस साल ज्यूरी मेंबर्स की लिस्ट में फ्रेंच एक्टर जूलिएट बिनोक, एक्टर-डायरेक्टर हाल्ले बेरी, इटालियन एक्टर अल्बा रोरवाकर, राइटल लीला स्लिमानी, डायरेक्टर होंग सैंग सू, डायरेक्टर-राइटर ड्यूडो हमादी, डायरेक्टर-राइटर कार्लोस रेगाडाज और अमेरिकन एक्टर जेरेमनी स्ट्रॉन्ग शामिल हैं।

### ऐश्वर्या से लेकर दीपिका तक बनीं ज्यूरी मेंबर


कांस फिल्म फेस्टिवल के लिए हर साल ज्यूरी मेंबर्स सिलेक्ट किए जाते हैं। इन मेंबर्स में अलग-अलग देशों से उन लोगों को चुना जाता है जो सिनेमा से जुड़े रहे हों। अब तक भारत से 9 सेलेब्स को ज्यूरी मेंबर्स बनने का मौका मिला है।

### 'दो बीघा जमीन' से लेकर 'कैनेडी' तक हुईं प्रीमियर

कांस की अवॉर्ड सेरेमनी में ना सिर्फ भारतीय फिल्मों के ऑफिशियल सिलेक्शन हुए बल्कि कई ऐसी फिल्में भी रहीं जिनका प्रीमियर कांस में किया गया। बाते साल कांस में 8 भारतीय फिल्मों की







### कांस 2025 में भारत की 4 फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

इस साल कांस फिल्म फेस्टिवल में भारत की 4 फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी, इनमें ईशान खट्टर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा स्टारर फिल्म होमबाउंड शामिल है, जिसे अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में स्क्रीन किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह तीनों सितारे रेड कार्पेट पर भी नजर आएंगे। साथ ही डायरेक्टर नीरज घायवान और फिल्ममेकर करण जौहर भी फेस्टिवल में शिरकत करेंगे। इसके अलावा तन्वी द ग्रेट, ए डोल मेड अप ऑफ क्ले और सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म अरण्येर दिन रात्रि शामिल हैं।

# रिश्ते में दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चलेंगे, हमें साथ में 15 साल हो चुके हैं : राजकुमार राव

राजकुमार राव अपनी जबरदस्त ऐक्टिंग की बदौलत फैंस के दिलों में राज कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा अपने काम में विविधता रखी है, इसी वजह से उन्हें ढेर सारे कॉमिक किरदार निभाने के बावजूद कभी टाइपकास्ट होने का डर नहीं सताया। एक ओर जहां तमाम बॉलीवुड स्टार्स, साउथवालों के साथ मिलकर कोलैब कर रहे तो वहीं राजकुमार भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



### टाइटल का रोचक होना मायने रखता है

मुझे फिल्म के टाइटल नहीं, कहानी आकर्षित करती है। हालांकि, मेरी फिल्मों के टाइटल काफी रोचक होते हैं। यह बात एकदम सच है कि टाइटल का रोचक होना बहुत मायने रखता है क्योंकि वही पहली चीज होती है, जो ऑडियंस के पास जाती है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि मजेदार टाइटल सोचा जाए, जिससे वो ज्यादा से ज्यादा लोगों के जेहन में बस सके। बाकी मेरी लिए कहानी का मजबूत होना ज्यादा अहम है। अगर मुझे कहानी पसंद आ जाती है तो फिर मैं फिल्म करने के लिए हां कर देता हूं।

### अपने काम में हमेशा विविधता रखी है

राज ने अपने करियर में कई कॉमिक किरदार किए हैं। ऐसे में क्या उनके मन में कभी टाइपकास्ट होने का खयाल आया? इसके जवाब में ऐक्टर कहते हैं कि ऐसा कभी नहीं हुआ। पिछले साल मैंने श्रीकांत बोल्ला की बायॉपिक की थी। इस साल 'मालिक' आएगी, जो कि ऐक्शन पैक्ड फिल्म है। हमेशा मैंने अपने काम में विविधता रखी है। रही बात कॉमिडी की तो उसके लिए अच्छा लिखा होना बेहद जरूरी है। उसके बिना एक ऐक्टर को आप बोलें कि किसी सीन को फनी बना दो तो वो बहुत मुश्किल हो जाएगा। जब तक राइटिंग में कॉमिडी नहीं होगी, तब तक एक ऐक्टर के बस में नहीं है कि वो अकेले इतना कुछ कर सके।

### मौका मिला तो साउथ इंडस्ट्री में काम करूंगा

तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथ ऐक्टर, डायरेक्टर के साथ कोलैब कर रहे हैं। इस बातचीत में अभिनेता ने अपना इरादा भी स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि ईमानदारी से कहूं तो अभी तक मेरे पास ऐसा कोई मौका आया नहीं है। साउथ इंडस्ट्री में बहुत टैलंट है। बहुत सारे अच्छे-अच्छे ऐक्टर-डायरेक्टर हैं, जिसमें लिजो और मणिरत्नम जैसे नाम शामिल हैं। भविष्य में अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं जरूर उनके साथ काम करना चाहूंगा।

### अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना जरूरी है

मेरा और पत्रलेखा का दिल तो कई साल से जुड़ा हुआ है। हमारे रिश्ते के 15 साल पूरे होने वाले हैं। मैं यही मानता हूं कि समय कम मिले चलेगा लेकिन दिल हमेशा मिले रहना ज्यादा जरूरी है। अब हम एक अलग मुकाम पर पहुंच चुके हैं। काम में व्यस्त होने की वजह से कई बार हम एक महीने तक नहीं मिल पाते लेकिन हमें एक-दूसरे की अहमियत पता है। हर रिश्ते की शुरुआत प्रेम से होती है। कई बार यही शादी में बदल जाती है जैसा कि हमारे साथ हुआ। हालांकि, अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना बहुत जरूरी है। जैसे हम कई बार दोस्तों के साथ होते हैं तो समय का पता नहीं चलता, उसी तरह अगर आप अपने रिश्ते में भी दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चल जाता है।

### सरकारी नौकरी करता तो आईएएस बनता

राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ का एक डायलॉग है कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ। ऐसे में जब उनसे यह सवाल किया गया कि वाकई में अगर आपको सरकारी नौकरी मिलती तो आप क्या बनते? इस पर ऐक्टर ने कहा कि मुझे फिल्म शादी में जरूर आना में डीएम सत्येंद्र शुक्ला (आईएएस अफसर) बनकर बड़ा मजा आया था। हकीकत में, मुझे मौका मिलता तो आईएएस अफसर ही बनता। उनकी फिल्म की कहानी टाइम लूप पर आधारित है। ऐसे में जब राजकुमार से पूछा गया कि अगर आपको पीछे जाकर कुछ बदलने का मौका मिले तो क्या बदलना चाहेंगे। इस पर अभिनेता ने कहा कि मैं अपने पैरेंट्स का लॉस बदलना चाहूंगा। इसके अलावा, मेरे फिल्म स्कूल (एफटीआईआई) के दिन हमेशा जेहन में रहते हैं। पत्रलेखा के साथ गुजारे ट्रैवलिंग के दिनों को मैं बहुत याद करता हूं। साथ ही हमारी शादी के जो तीन दिन के कार्यक्रम थे, उन्हें भी मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। चाहता हूं कि वो दिन बार-बार लौटकर आएं।

### अनुभव सिन्हा से इस बारे में बात करूंगा

फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ राज ने फिल्म भीड़ में काम किया था। हाल ही में फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि फिल्में दो तरह की बन रही हैं। एक बड़े पर्दे तो दूसरी ओटीटी के लिए। इस पर राज ने कहा कि वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं लेकिन इस मामले पर अभी मेरी उनके कोई बात नहीं हुई है। अभी उस पोस्ट में उन्होंने पूरी जानकारी भी नहीं दी है। वह इस बारे में आगे और भी बात करेंगे। उनसे बात करके ही बता पाऊंगा आखिर उन्होंने ऐसा क्या सोच कर लिखा है। हो सकता है कि कुछ ऐसा हुआ हो उनके साथ तो उन्हें लगा हो कि ऐसा लिखना चाहिए या हो सकता है कि उन्होंने किसी को स्पष्ट करने के लिए ऐसा किया हो।

# फिल्ममेकर बोला, पैसे दोगे तब तुम्हारे साथ फिल्म बनाऊंगा : परमवीर चीमा



आंखों से भावनाएं व्यक्त करने वाले एक्टर परमवीर सिंह चीमा आज वेब सीरीज चमक के काला के रूप में इंडस्ट्री में अपनी चमक बिखेर रहे हैं। मगर एक वक्त था, जब वह बॉलिवुड को अलविदा कहकर अपने घर पंजाब रवाना हो चुके थे।

**पंजाब में खेती-किसानी करने वाले परिवार में रहते हुए आपको एक्टिंग का चस्का कैसे लगा?**

असल में, जब मैं कॉलेज में था तो मेरी हाइट एकदम से बढ़ गयी। मैं अच्छा-खासा लंबा हो गया। उन्हीं दिनों मुझे टायफाइड भी हो गया, तो मैं मोटे से पतला हो गया, यानी लंबा-छरहरा तो मेरी एक फैशन डिजाइनर दोस्त थी, उसने कहा कि तू मेरे लिए वॉक कर ले। मैंने कहा- यार, मुझे कोई आइडिया ही नहीं है। मैंने तो कभी यह किया नहीं है, तो वह बोली कि तुझे बस कपड़े पहनकर वॉक करना है। ऐसे में रैंप पर उतरा और वो फैशन शो जीत गया। सबने मेरी तारीफ की, तो मुझे लगा कि ये तो बड़ी सही लाइन है, लोग फैन हो जाते है, तो इसमें कोशिश करते हैं। फिर, मैंने एक रिएलिटी शो मिस्टर पंजाब हिस्सा लिया, वहां भी टॉप टेन में आ गया। दिल्ली में मिस्टर इंडिया कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया, वो मैं जीत गया और मुझे 5 लाख रुपये मिले। तब मैंने मॉडलिंग करने का फैसला कर लिया, मगर मेरे डैड ने कहा कि साथ में एलएलबी करनी पड़ेगी। वह खुद वकील हैं, हालांकि प्रैक्टिस नहीं करते, पर उनका मानना था कि एक बैकअप होना चाहिए। मैं दिल्ली में यह सब कर रहा था, तभी एक शूट के लिए मुंबई आना हुआ, जहां मेरा दोस्त मुझे नाटक दिखाने ले गया। वहां मुझे खुद को मंच पर अभिव्यक्त करने की ताकत का जो अनुभव हुआ, मैंने तय कर लिया कि मुझे एक्टर ही बनना है। यहां से मेरी एक्टिंग जर्नी शुरू हुई।

**एक वक्त ऐसा भी आया, जब आपने एक्टिंग छोड़ने का फैसला कर लिया था। संघर्ष के उस दौर में यह ब्रेकिंग पॉइंट कब आया कि अब और धक्के नहीं खा सकता?**

हुआ यूं कि मिस्टर इंडिया जीतने के बावजूद मुझे कोई काम नहीं मिला। पंजाबी इंडस्ट्री से भी कोई ऑफर नहीं आया। एक ऑफर आया भी, तो मैंने पूछा कि कितने पैसे दोगे? तो वह फिल्ममेकर बोले, पैसे आपको लगाने पड़ेंगे। मैंने कहा, भई मेरे पापा तो मुझे बस से चंडीगढ़ आने के पैसे न दें और आप बोल रहे हैं कि फिल्म में पैसे लगाने पड़ेंगे। फिर मुझे लगा कि बॉलिवुड इंडस्ट्री थोड़ी सिस्टेमैटिक है तो मैं इधर आ गया, मगर यहां भी कोई काम नहीं मिल रहा था। पापा पैसे दे रहे थे, लेकिन वो भी एक हद तक ही सपोर्ट कर सकते थे, क्योंकि खेती में कितनी ही कमाई है। कई बार मैं कुछ छोटा-मोटा काम कर लेता था कि टीशर्ट पहन लिया तो सौ रुपये एक टीशर्ट के मिल गए या फिर छोटा-मोटा एक दिन का काम कर लिया। कभी दोस्त से पैसे उधार मांगे। ऐसे टाइम चल रहा था, मगर दिमाग में हमेशा यही चलता था कि मुझे काम क्यों नहीं मिल रहा है।

इस चक्कर में मैंने कास्टिंग का काम भी जॉइन कर लिया था, ताकि मुझे ऑडिशन देने का मौका मिल पाए। तभी कोविड आ गया, तो मैं घर वापस गया। वहां मुझे पता चला कि घर में क्या-क्या दिक्कतें चल रही हैं। जब मुंबई में था, तो घर की प्रॉब्लम उस तरह से नहीं पता चलती थीं। घर वाले बताते भी नहीं है, लेकिन जब घर गया तो पता चला कि यार, पापा की आर्थिक स्थिति बस ठीक ही है। कुछ ज्यादा आ नहीं रहा और मुश्किल हो रही है, तो मुझे हांथ बंटाना चाहिए। पापा की उम्र भी हो गई है, तो छोड़ यार एक्टिंग-वैक्टिंग। रिश्तेदार भी बोलने लग गए कि नहीं होगा, पर मेरे पापा ने कहा कि बेटा तूने इसमें चार साल लगा दिए हैं, तो अभी इसे नहीं छोड़ सकता। तू बन जाएगा, बस लगा रह, ऑडिशन देता रह, तो टब्बर का ऑडिशन मैंने किसान आंदोलन पर रहते हुए बनाकर भेजा। टब्बर मिली और गाड़ी चल पड़ी।

# भूल चूक माफ एक्ट्रेस वामिका गब्बी बोलीं- पहले सोचा करती थी कि काश मैं उस सुपरस्टार के घर पैदा होती

हिंदी और पंजाबी फिल्मों में नाम कमा चुकीं बेहद खूबसूरत वामिका गब्बी बेबी जॉन और 83 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इन दिनों चर्चा में हैं वह अपनी फिल्म भूलचूक माफ को लेकर।

**आपने इंडस्ट्री में लंबा समय बिताया है और अब आपको अच्छे मौके भी मिल रहे हैं। आप अपने अब तक के सफर को किस तरह देखती हैं?**

मैं इतने समय से इंडस्ट्री में हूं तो इसकी वजह मेरे माता-पिता का साथ है। उन्होंने मुझे हमेशा से बहुत सुरक्षित महसूस कराया है। मेरे पास ऐसे दोस्त थे जो मेरे साथ खड़े थे। इस वजह से मैं अपने सफर में कभी निराश नहीं



हुई। मुझे लगता है कि जब आपकी खुद एनर्जी साफ होती है तो आप अच्छे लोगों को अट्रैक्ट करते हैं। जब मैं अपनी जिंदगी में खुद तैयार हो गई थी, तो मुझे लगता है कि मौका खुद मेरे रास्ते पर आ गया था। मुझे नहीं पता था कि मैं कभी ये वक्त देख पाऊंगी जब मैं भूल चूक माफ जैसी फिल्म कर रही हूं। पहले मैं ये सोचती थी कि काश मैं उस सुपरस्टार के घर पैदा होती तो जिंदगी कितनी अच्छी होती। अब मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं कि जैसी मेरी लाइफ है, जो मेरे पिता हैं, मैं उसी सुपरस्टार के लिए पैदा हुई हूं।

**दिल्ली में आकर आपका कैसा अनुभव रहता है?**

मैं दिल्ली से तीन घंटे की दूरी पर ही रही हूं। मेरी पहली फिल्म की शूटिंग भी दिल्ली में हुई थी। मैं डेढ़ महीने तक दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में रही थी। हम यहां दो दिन के लिए आए हैं, तो मैं तो काम से फ्री होने के बाद बाहर कुछ खाने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं। मैं दिल्ली की चाट खाऊंगी और कुछ मीठा भी खाऊंगी।

**आने वाले दिनों में आपकी कौन सी फिल्में हैं?**

मैंने एक तमिल और एक तेलुगू फिल्म की है। एक फिल्म है जीनी, ये फैंटेसी फिल्म है। एक और फिल्म दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग भी है।

**आपकी नई फिल्म में दिखाया गया है कि आपका परिवार आपके लिए सरकारी नौकरी वाला लड़का ढूंढ रहा है। आपने कभी अपने आसपास ऐसा देखा है कि लोग कहते हों कि सरकारी नौकरी वाला लड़का चाहिए?**

मुझे लगता है कि ये हर जगह है। सरकारी नौकरी एक तरह की सुरक्षा है जिसमें पेंशन है और बाकी सुविधाएं भी हैं। पहले तो ये बहुत ज्यादा होता था लेकिन आज उतना नहीं है। हां, छोटे शहरों में आज भी इसको बहुत महत्व दिया जाता है।

**राजकुमार आज इंडस्ट्री के भी राजकुमार हैं और इन्होंने कई अच्छी फिल्में की हैं। तो आपका राजकुमार के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

मेरा तो राजकुमार के साथ करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। मैं तो उनके साथ काम करने के लिए खुश थी। साथ ही मेरे माता-पिता बहुत खुश थे कि मैं राजकुमार के साथ फिल्म कर रही हूं। थोड़ी नर्वस भी थी लेकिन राजकुमार और डायरेक्टर करन शर्मा ने मुझे काफी सहज महसूस कराया।

# रोहित शर्मा और विराट कोहली के ग्रेड ए प्लस में होगा बदलाव?

**एजेंसी,नई दिल्ली**

रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या दोनों के ग्रेड में भी बदलाव होगा। ऐसे में बीसीसीआई सचिन देवजीत सौकिया ने अटकलों पर पूरी तरह से विराम लगा दिया है। रोहित और विराट कोहली बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के तहत ग्रेड ए प्लस में हैं। कुछ महीने पहले ही बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की थी। इसके तहत चार ग्रेड में खिलाड़ियों को जगह दी गई है। बीसीसीआई इसी हिसाब से खिलाड़ियों को हर साल सैलरी देता है। इसमें ग्रेड ए प्लस, ग्रेड ए, ग्रेड बी और सी शामिल है। अभी की बात करें तो केवल चार ही खिलाड़ी ऐसे हैं, जो ग्रेड ए प्लस में हैं।

**चार खिलाड़ी ग्रेड ए प्लस में शामिल**

इसमें विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा शामिल हैं। केवल बुमराह को छोड़कर अन्य तीन खिलाड़ी अब तीनों फॉर्मेट में नहीं खेलते हैं। रोहित और कोहली ने हाल में टेस्ट क्रिकेट के अलविदा कह दिया है।



वहीं, साल 2024 का टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रोहित-कोहली के साथ जडेजा ने भी संन्यास ले लिया था।

**बीसीसीआई सचिव ने साफ की तस्वीर**

माना जाता है कि बीसीसीआई ग्रेड ए प्लस उन्हीं खिलाड़ियों को देता है, जो तीनों फॉर्मेट खेल रहा हो। इस बीच बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का ग्रेड ए प्लस कॉन्ट्रैक्ट जारी रहेगा, भले ही दोनों ने टी 20 इंटरनेशनल और टेस्ट मैचों से संन्यास की घोषणा कर दी हो। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ी अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा हैं, उन्हें ग्रेड ए प्लस की सभी सुविधाएं मिलेंगी। यानी जो भी आशंकाएं थीं, वे एक सिरे से खारिज कर दी गई हैं। यानी रोहित शर्मा और विराट कोहली को ग्रेड ए प्लस के तहत ही सैलरी मिलेगी।

### सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ी:-

ग्रेड ए+ : रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा

ग्रेड ए : मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत

ग्रेड बी : सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर

ग्रेड सी : रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

**कितनी मिलती है सैलरी**

बीसीसीआई की ओर से ग्रेड ए प्लस के लिए सालाना सात करोड़ रुपये खिलाड़ियों को दिए जाते हैं। इसके अलावा मैच फीस है, वो अलग से होती है। इसके बाद ग्रेड ए के लिए सालाना पांच करोड़, ग्रेड बी के लिए सालाना तीन करोड़ और ग्रेड सी के लिए एक करोड़ रुपये साल के दिए जाते हैं।

इसके अलावा अगर मैच ?फीस की बात करें तो एक टेस्ट मैच खेलने के लिए 15 लाख, एक वनडे खेलने के लिए 6 लाख और एक टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने के लिए 3 लाख रुपये दिए जाते हैं। यानी जो खिलाड़ी जितने भी मैच खेलता है, उसे उसी के हिसाब से रुपये दिए जाते हैं।

## सार-समाचार

### भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, कई इंटरनेशनल टूर्नामेंट में बिखेरी चमक

**एजेंसी,नई दिल्ली।** भारतीय चेस खिलाड़ी वर्तमान में दुनिया भर में चल रहे कुछ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। आइए नजर डालते हैं कुछ प्रमुख टूर्नामेंट में, जिनमें मंगलवार को भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा- भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने एशियन चेस चैंपियनशिप में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। ओपन सेक्शन में पांच पुरुष और वीमेन सेक्शन में चार भारतीय महिला खिलाड़ी टॉप 10 में शामिल हैं। महिला वर्ग में सेषाद्री रिजा ने पांच में से पांच मुकाबले जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ओपन सेक्शन में भारत के एल. श्रीहरि चौथे स्थान पर हैं, जबकि ईरान के बर्दिया दानेशवर शीर्ष पर हैं। भारत के कार्तिकेयन मुरली और निहाल सरीन भी टॉप 10 में शामिल हैं — क्रमश: सातवें और दसवें स्थान पर। यह चैंपियनशिप न केवल एशियन चैंपियन का खिताब तय करती है, बल्कि 2025 फइडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर भी है।

ग्रांड चेस टूर: सुपरबेट चेस क्लासिक रोमानिया 2025

ग्रांड चेस टूर 2025 के दूसरे चरण और क्लासिकल इवेंट 'सुपरबेट चेस क्लासिक रोमानिया' में भारत के डी. गुकेश को राउंड 6 में अलीरेज़ा फिरोज़ा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह राउंड के बाद गुकेश केवल 2 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

### देहरादून करेगा अगले महीने राइफल/पिस्टल स्पर्धाओं के नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 की मेजबानी

**एजेंसी,नई दिल्ली।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने घोषणा की है कि ग्रुप 'ए' निशानेबाजों के लिए राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 का आयोजन 24 से 30 जून, 2025 तक देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के त्रिशूल शूटिंग रेंज में किया जाएगा। ये ट्रायल्स अगस्त में कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 और वर्ष के अंत में चीन और मिस्र में होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम चयन में अहम भूमिका निभाएंगे। देश के शीर्ष राइफल और पिस्टल निशानेबाज इन चयन ट्रायल्स में उस आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे, जो उन्होंने अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो चरणों की साउथ अमेरिकन आईएसएसएफ वर्ल्ड कप श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन कर अर्जित किया है। इस दौरे में भारतीय निशानेबाजों ने 32 फइनल मुकाबलों में जगह बनाई, जिसमें मिश्रित टीम स्पर्धाएं भी शामिल थीं ।

# आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर की रैंकिंग में पहले स्थान पर जडेजा

**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में एक नया इतिहास रच दिया है। जडेजा पिछले 1152 दिनों से आईसीसी मेन्स टेस्ट ऑलराउंडर की रैंकिंग में पहले स्थान पर बने हुए हैं। वह ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं। इससे पहले इंटरनेशनल क्रिकेट में कोई भी खिलाड़ी ऐसा करने में कामयाब नहीं हो सका था। भारतीय क्रिकेट फैंस की जहां एक तरफ नजरें इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए घोषित होने वाली स्क्वाड पर टिकी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ जडेजा की इस उपलब्धि ने चार चांद लगा दिया है। रवींद्र जडेजा की गिनती वर्ल्ड क्रिकेट के तीनों ही फॉर्मेट के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर प्लेयर्स में की जाती है। वह पिछले काफी लंबे समय से टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर काबिज हैं।



**रवींद्र जडेजा के 400 रेटिंग प्वाइंट्स**

आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर प्लेयर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा 400 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ पहले नंबर पर काबिज हैं। वहीं, उनके बाद दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के खिलाड़ी मेंहदी हसन मिराज हैं जिनके पास 327 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। ऑलराउंडर प्लेयर्स रैंकिंग में रवींद्र जडेजा अभी एकमात्र ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जो टॉप-10 में हैं, उसके बाद सीधे 12वें नंबर पर 220 रेटिंग प्वाइंट के साथ अक्षर पटेल का नाम है।

**2022 से बने हुए हैं नंबर-वन**

रवींद्र जडेजा ने साल 2022 में 9 मार्च को जारी की गई आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 पोजीशन को हासिल किया था, जिसके बाद 1152 दिन हो गए हैं और रवींद्र जडेजा नंबर-1 पर बने हुए हैं। जडेजा इसी के साथ अब नंबर-1 के पायदान पर इतने समय तक रहने वाली वर्ल्ड क्रिकेट के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

**ऐसा है टेस्ट करियर**

रवींद्र जडेजा के अभी तक के टेस्ट करियर को देखा जाए तो उन्होंने 80 टेस्ट मैचों में 34.74 के औसत से 3370 रन बनाएं हैं। वहीं, गेंदबाजी में उन्होंने 24.14 के औसत से 323 विकेट हासिल किए हैं। रवींद्र जडेजा ने आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाई है, जिसमें वह नंबर-9 की पोजीशन पर पहुंच गए हैं, जिसमें उनके 220 रेटिंग प्वाइंट हैं।

## यूएई नेशनल डे पर शुरू होगा डीपी वर्ल्ड टी20 लीग का चौथा सीजन

**एजेंसी,नई दिल्ली**

डीपी वर्ल्ड अंतरराष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे संस्करण की शुरुआत इस साल के अंत में 2 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर होगी। यह प्रतियोगिता 4 जनवरी 2026 तक चलेगी, जिसमें 6 टीमों के बीच 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

इस बार टूर्नामेंट का आयोजन उसके पारंपरिक जनवरी-फरवरी समय से पहले किया जा रहा है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टी-20 विश्व कप फरवरी-मार्च 2026 में होने वाला है। टी-20 लीग के अध्यक्ष और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि लीग का चौथा संस्करण यूएई के राष्ट्रीय पर्व ईद-अल-इत्तिहाद पर शुरू होगा। यह दिन हमारे लिए गर्व का प्रतीक है और दुनियाभर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्सव का अवसर भी। यूएई विभिन्न देशों से आए लोगों का घर है और यह लीग हमारे इस विविधता भरे समाज को एकजुट करने का अवसर देती है।

टी-20 लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा, हमने सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद दिसंबर-जनवरी की अवधि तय की है, जिससे विश्व कप से पहले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम की तैयारी का पूरा समय मिल सके। उन्होंने आगे कहा, यह समय टीमों को बेहतर खिलाड़ियों की उपलब्धता भी देगा, जिससे मुकाबले और रोमांचक होंगे।

पिछले सीज़न में दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ी मैदान में नजर आए थे, जिनमें प्रमुख नाम निकोलस पूरन, सैम करन (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ङ्क लाल बेल्ट), शाई होप (सर्वाधिक रन ङ्क हरी बेल्ट), फज़लहक फारूकी (सर्वाधिक विकेट ङ्क सफेद बेल्ट), आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, डेविड वॉर्नर, टिम साउदी, फखर ज़मान, और एडम ज़म्पा के हैं।

# रोहित के टेस्ट से संन्यास के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए कप्तानी को लेकर तेज हुई दौड़

**एजेंसी,नई दिल्ली**

टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के पिछले हफ्ते संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ के लिए भारतीय टीम के नए कप्तान को लेकर चर्चा तेज़ हो गई है। जहां एक ओर शुभमन गिल का नाम सामने आ रहा है, वहीं पूर्व भारतीय ऑफस्पिनर आर. अश्विन ने तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को कप्तानी के लिए मज़बूत दावेदार बताया है।

अपने शो 'ऐश की बात' में अश्विन ने कहा, इंग्लैंड जाने वाली टीम नई और बदली हुई होगी और उस टीम में शायद बुमराह सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। वो निश्चित रूप से कप्तानी के विकल्पों में शामिल हैं। मैं मानता हूं कि वो इसके हकदार हैं, लेकिन चयनकर्ता उनके शारीरिक भार को देखकर फैसला लेंगे।

गौरतलब है कि जसप्रीत बुमराह ने 2022 में एजबेस्टन में खेले गए पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी, जब रोहित शर्मा कोविड के कारण टीम से बाहर थे। उस मैच में भले ही भारत को हार मिली थी, लेकिन बुमराह की कप्तानी की काफी तारीफ हुई थी। इसके अलावा बुमराह ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच में भारत को 295 रन से ज़बरदस्त जीत दिलाई थी।



हालांकि बुमराह की चोटों का इतिहास देखते हुए चयनकर्ता उन्हें फुल-टाइम टेस्ट कप्तान बनाने से पहले उनके वर्कलोड और फिटनेस को लेकर सावधानी बरत सकते हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ के लिए भारतीय टीम का ऐलान इसी महीने के अंत तक होने की उम्मीद है। पहला टेस्ट मुकाबला 19 जून से ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में खेला

## कोपा अमेरिका विवाद: सीएएस ने उरुग्वे के खिलाड़ियों की अपील खारिज की,पांच खिलाड़ी रहेंगे निलंबित

**एजेंसी,लुसाने**

खेलों की सर्वोच्च अदालत कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) ने उरुग्वे के पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की अपील खारिज कर दी है। इन खिलाड़ियों पर पिछले साल जुलाई में कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया से हार के बाद बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम (नॉर्थ कैरोलिना, यूएस) में दर्शकों से भिड़ने का आरोप था। कोर्ट ने साफ कहा कि यह हरकत 'स्वरक्षा' नहीं, बल्कि स्वेच्छा से की गई हिंसात्मक और अनुचित प्रतिक्रिया थी। इस विवाद में लिवरपूल के फॉरवर्ड डार्विन नुनेज़, बार्सिलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो, और एटलेटिको मैड्रिड के डिफेंडर जोस मारिया गिमेनेज़ शामिल थे। इनके अलावा टॉटनहम के मिडफील्डर रोड्रिगो बेंटनकुर और नापोली के डिफेंडर माथियास ओलिवेरा भी इस झड़प में शामिल पाए गए।



दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल संस्था कॉनमेबोल ने इन सभी खिलाड़ियों को 3 से 5 मैचों के लिए निलंबित किया था। वर्ल्ड कप क्वालिफायर में नहीं खेल पाएंगे नुनेज़ अब डार्विन नुनेज़ 5 जून को पराग्वे के खिलाफ और 10 जून को वेनेजुएला के खिलाफहोने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे।

मार्सेलो बिएल्सा की कोचिंग में उरुग्वे की टीम इस समय 10 टीमों की क्वालिफाइंग तालिका में तीसरे स्थान पर है और वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने की मजबूत स्थिति में है।

दक्षिण अमेरिकी क्वालिफायर में शीर्ष 6 टीमें सीधे विश्व कप में जगह बनाएंगी, जबकि 7वें स्थान पर रहने वाली टीम इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ खेलेगी। उरुग्वे फिलहाल वेनेजुएला से 6 अंक आगे है और उसके पास क्वालीफाई करने के लिए कुल 4 मैच बचे हैं।

## मुस्तफिजुर रहमान की दिल्ली कैपिटल्स में हुई वापसी

**एजेंसी,नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स ने 2025 में इंडियन प्रीमियर लीग के शेष बचे मैचों के लिए बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल किया है। बाएं हाथ के इस गेंदबाज को जैक फ्रेज़र-मैकगर्क की जगह टीम में शामिल किया गया है, जो 17 मई से फिर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए वापस नहीं आएंगे। फ्रेज़र-मैकगर्क के निजी कारणों से उपलब्ध न होने के बाद 29 वर्षीय मुस्तफिज़ुर 6 करोड़ रुपये में कैपिटल्स में शामिल हुए हैं। मुस्तफिज़ुर ने 57 आईपीएल मैचों में 8.14 की इकॉनमी रेट से 61 विकेट लिए हैं।

पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 9 मैचों में से 14 मैच उन्होंने खेले थे और चार विकेट लिए थे, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया, जिसके बाद पिछले साल नवंबर में सऊदी अरब के जेद्दा में हुई मेगा नीलामी में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। मुस्तफिज़ुर



रहमान 2022 और 2023 में दिल्ली के लिए खेल चुके हैं, वह एक बार फिर कैपिटल्स के लिए खेलने के लिए वापस आ गए हैं। उन्होंने कैपिटल्स में शामिल होने से पहले दिल्ली के लिए 10 मैचों में नौ विकेट लिए थे। मुस्तफिज़ुर के पास टी20 का काफी अनुभव है, उन्होंने 2015 में अपने पदार्पण के बाद से 281 मैच में 351 विकेट लिए हैं। इस साल की शुरुआत में, बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) 2025 में 12 मैचों में 13 विकेट लेकर ढाका कैपिटल के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।

जहां तक ??फ्रेज़र-मैकगर्क का सवाल है, तो उन्होंने छह मैचों में 9.16 की औसत से केवल 55 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रहा। वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। आईपीएल के दोबारा शुरू होने से पहले ही वह निजी कारणों की वजह से स्वदेश लौट गए हैं।

दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल 13 अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है और 11 में से छह मैचों में जीत की बदौलत उसका नेट रन रेट +0.362 है। लगातार चार जीत के साथ शुरुआत करने के बाद अक्षर पटेल की टीम थोड़ा भटक गई है।

# इंग्लैंड दौरे के लिए वेस्टइंडीज महिला टीम घोषित, हेले मैथ्यूज करेंगी कप्तानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 21 मई से 8 जून के बीच खेला जाएगा, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच शामिल हैं। टीम की कमान एक बार फिर स्टार ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज के हाथों में होगी, जबकि शेमेन कैंपबेल उपकप्तान की भूमिका निभाएंगी।

**दो नए चेहरों को मिला मौका**

इस स्क्वाड में पिछले महीने पाकिस्तान में खेले गए वर्ल्ड कप क्वालिफायर की तुलना में दो बदलाव किए गए हैं। 20 वर्षीय गयाना की ऑलराउंडर रियलियाना ग्रिमंड और सेंट किट्स की तेज गेंदबाज़ जहांज़ारा क्लैक्सन को टीम में शामिल किया गया है। ये दोनों खिलाड़ी रशाडा विलियम्स



(विकेटकीपर-बल्लेबाज) और चिनेल हेनरी (ऑलराउंडर) की जगह टीम का हिस्सा बनी हैं।

वेस्टइंडीज महिला टीम 13 मई को इंग्लैंड रवाना होगी। सीरीज़ की शुरुआत 21 मई को पहले टी20 मुकाबले से होगी, जो द स्पिटफायर ग्राउंड, कैंटरबरी में खेला जाएगा।

**पूरा कार्यक्रम**

**टी20 सीरीज़:**

पहला टी20 : 21 मई, कैंटरबरी
दूसरा टी20 : 23 मई, होव
तीसरा टी20 : 26 मई, चेल्म्सफोर्ड

**वनडे सीरीज़:**

पहला वनडे : 30 मई, डर्बी
दूसरा वनडे : 4 जून, लीसेस्टर
तीसरा वनडे : 7 जून, टॉन्टन

**वेस्टइंडीज महिला टीम:**

हेले मैथ्यूज (कप्तान), शेमेन कैंपबेल (उपकप्तान), आलिया एलेन, जहांज़ारा क्लैक्सन, अफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेज़र, शबीका गजनबी, जनीलिया ग्लासगो, रियलियाना ग्रिमंड, ज़ायदा जेम्स, किआना जोसेफ मैंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसार, करिश्मा रामहरक, स्टेफनी टेलर।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
डलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, मेफीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लैंड्रिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंढ्री शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विवेदा कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग् एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# लीलर और भुसरेंगा में समाधान शिविर : 99 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण

- प्रभारी सचिव पिल्ले ने किया शिविरों का औचक निरीक्षण, ली जानकारी
- ढाई सौ से अधिक हितग्राहियों को मौके पर शासकीय योजनाओं से किया गया लाभान्वित




**धमतरी,प्रतिदिन राजधानी**

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत आज धमतरी जिले में कुरूद विकासखण्ड के भुसरेंगा और धमतरी विकासखण्ड के लीलर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन दोनों शिविरों के क्लस्टर में मिले 11 हजार 102 आवेदनों में से 99 प्रतिशत से अधिक 11 हजार 30 आवेदनों का निराकरण पूरा कर लिया गया है, जिसकी जानकारी आज शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को दी गई। इन दोनों शिविरों में आज जिले की प्रभारी सचिव और प्रदेश की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले ने अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों से बात की और शासन की योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में पूछा। शिविरों में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, जनपद सदस्य श्रीमती अनिता यादव, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए।

सुशासन तिहार के दौरान लीलर क्लस्टर में दस ग्राम पंचायतों कोलियारी, करेठा, अछोटा, मुड़पार, बरारी, भोयना, मथुराडीह, अरौद डू. जंवरगांव, अरौद ली. और लीलर को शामिल किया गया था। इस क्लस्टर में कुल 6 हजार 535 आवेदन मिले थे। जिनमें से 6 हजार 446 आवेदन मांग और 89 आवेदन शिकायत संबंधी थे। प्राप्त आवेदनों में से 6 हजार 417 मांग संबंधी आवेदनों और 86 शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण पूरा कर लिया गया है। इस प्रकार लीलर क्लस्टर में कुल प्राप्त आवेदनों में से 99.51 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। समाधान शिविर में 226 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इनमें राजस्व विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका और 3 हितग्राहियों को नक्शा, खसरा, बी-1, प्रतिलिपि का वितरण किया गया। इसी तरह पंचायत विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर की चाबी, 28 हितग्राहियों को पेंशन, 24 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड और 10 हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 बच्चों का अन्नप्रासन और 3 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई तथा 2 बच्चों को पोषण किट वितरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, 50 लोगों की सिकलसेल जांच और उपचार किया गया तथा 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदाय किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को सब्जीमिनिकीट, सीडलिंग वितरण किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा एक दिव्यांग को सहायक उपकरण, सहकारिता विभाग द्वारा 3 किसानों को धान बीज, 7 किसानों को खाद का वितरण किया गया।

भुसरेंगा क्लस्टर में आयोजित शिविर में 10 ग्राम पंचायतों भुसरेंगा, कन्हारपुरी, चोरभट्ठी, कुर्रा, बगौद, बंजारी, बंगाली, राखी, भाठागांव, और डांडेसरा को शामिल किया गया था। इस क्लस्टर में कुल 4 हजार 567 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 4 हजार 380 आवेदन मांग और 187 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे। प्राप्त आवेदनों में से 4 हजार 335 मांग संबंधी और 182 शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कर जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। इस प्रकार भुसरेंगा क्लस्टर में मिले आवेदनों में से 99.12 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है।

## भोंगापाल बुद्ध चैत्यगृह हमारी सांस्कृतिक धरोहर - नीलकंठ टेकाम



**कोंडागांव,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ में पुरातात्विक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण दूसरे सबसे बड़े बौद्ध तीर्थ छठी शताब्दी में निर्मित बौद्ध चैत्य गृह भोंगापाल जिला कोंडागांव में बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तथागत गौतम बुद्ध की भव्य प्रतिमा के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम , विशिष्ट अतिथि रायपुर कमिश्नर श्री महादेव कावरे ,डां. कृष्ण मूर्ति कांबले एवं छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े के साथ उपस्थित समस्त बौद्ध उपासक उपासिकाओ ने मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाकर सामूहिक रूप से त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया तत्पश्चात सभी को खीर वितरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिकाल से ही इस क्षेत्र का समृद्धशाली इतिहास रहा है। विश्व को प्रज्ञा,शील, करूणा एवं शांति का संदेश देने वाले भगवान गौतम बुद्ध आज भी प्रासंगिक है , बुद्ध ज्यादा ज्ञानी थे वैज्ञानिक थे ।हम सभी मिलकर बुद्ध के इस प्रतिज्ञा स्थल चैत्य गृह भोंगापाल को पुर्नजीवित करेंगे ।सिरपुर,भोंगापाल जैसे अन्य क्षेत्रों की कलाकृति एवं निर्माण की अवधि एक समान है। हर काल एवं समय में अलग अलग तकनीक होती है। यह क्षेत्र हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। छठी शताब्दी में भी हमारे पूर्वज समृद्ध शाली थे।

विशिष्ट अतिथि महादेव कावरे कमिश्नर रायपुर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने विश्व प्रसिद्ध बौद्ध ग्रंथ बुद्धा एंड हिज धम्मा में तथागत गौतम बुद्ध एवं उनके विचारों को विस्तार से बताया है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि आज के बारे में सोचो , तृष्णा को पार करने से मोक्ष बन जाता है। कावरे ने पंचशील के सिद्धांत को सरल भाषा में बताते हुए कहा कि 15 सौ साल पहले यह क्षेत्र बुद्धिजम का क्षेत्र रहा होगा। बस्तर वासियों का विचार बुद्ध के विचार से मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा नहीं होती तो हम लोग इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाते इसलिए इस क्षेत्र को शिक्षा का बड़ा केंद्र बनायें। बुद्ध जयंती समारोह में डॉ.कृष्णमूर्ति कांबले रायपुर, झाड़ीराम सलाम अध्यक्ष कोंडागांव जिला सरपंच संघ, गिरधारी लाल भगत पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर, घनश्याम रामटेके अध्यक्ष बौद्ध समाज अंतागढ़, अनिरुद्ध कोचे उप संचालक छत्तीसगढ़ शासन,श्रीमती ममता खापर्डे अध्यक्ष बौद्ध समाज लंजोड़ा,विशेष अतिथि डॉ.किरण कांबले रायपुर , धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व समाज कोंडागांव,शंभूनाथ चांदेकर विश्रामपुरी, हिमांशु दुर्गम बीजापुर, मंगलूराम नुरेटी नारायणपुर , धर्मेन्द्र मेश्राम कांकेर, कमलेश रामटेके सचिव बौद्ध समाज जगदलपुर,,जयंत वासनीकर पूर्व अध्यक्ष लंजोड़ा, शिवशंकर कावड़े सरपंच बण्डापाल , रामसाय नाग सरपंच भोंगापाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक अनिल खोबरागड़े ने संचालन एवं बौद्ध समिति भोंगापाल के सचिव दिनेश सोरी ने आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुलदीप खापर्डे, भोजेन्द रामटेके,गौतम रंगारी, धनेश रामटेके, जीवन लाल मेश्राम, जयप्रकाश वासनीकर, ज्वाला प्रसाद तुरकर , कृष्णादत्त उपाध्याय, बुद्धदेव संरक्षण समिति भोंगापाल के अध्यक्ष फूल सिंह कोर्राम, जनपद सदस्य बुदयारिन दुग्गा,बिरसिंह मरापी, पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मण उसेंडी,सरपंच गण सुखदेव सोरी,जगत नाग,जुनूराम सलाम,रस्सूराम मंडावी, को उप सरपंच विनोद मरापी, सुरेश बघेल, ग्राम पटेल जग्गूराम नाग ,सुकमन सलाम,सोपसिंह कोर्राम,लक्ष्मण दीवान, रामलाल सोरी, जयसिंह मंडावी, रूप सिंग नाग सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम वासियो की ओर से सभी के लिए मैत्री भोज की व्यवस्था की गई थी।




# सुशासन तिहार 2025: लाहौद समाधान शिविर में 1756 हितग्राही हुए लाभान्वित



**बलौदाबाजार,प्रतिदिन राजधानी**

सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहौद में बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े शामिल हुए। शिविर में कलस्टर् के 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होकर शासन की योजनाओं का लाभ लिए। प्रथम चरण में कुल 4022 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 3998 मांग एवं 24 आवेदन शिकायत से सम्बंधित थे। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 1756 हितग्राहियो का लाभन्वित किया गया। इसके साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर दीपक सोनी इस अवसर पर जल संचयन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगो के द्वार तक प्रशासन की पहुंच हो और योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से सभी पात्र हितग्राही को मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर एक प्रकार से रिपोर्ट कार्ड है जिसमें आपके द्वारा दिये गए आवेदन की जानकारी का पूरा विवरण होता है। शिविर में अधिकारी निराकरण का वाचन करते है, इसके साथ ही प्रोजेक्टर व कम्प्यूटर के माध्यम से भी आवेदन की स्थिति की जानकारी ले सकते है। उन्होंने बताया कि सम्पर्क केंद्र से भी आवेदको को उनके आवेदन के सम्बन्ध में जानकारी दी जा रही है। वर्तमान में आवास प्लस 2.0 का सर्वे किया जा रहा है जिसमें आवास प्लस के छूटे हुए हितग्राहियो को प्राथमिकता से पंजीयन किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित हो रहे समाधान शिविर से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी स्वयं जनता के पास आ रहे है और उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं। इसके साथ ही आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल रही है और पात्र हितग्राहियों को लाभ भी मिल रहा है।

हितग्राही हुए लाभान्वित- कलस्टर लाहोद समाधान शिविर में लाहोद, कोलिहा, गिंदोला, खम्हारडीह, चिरपोटा, मुण्डा, ताराशिव,परसाडीह, चिचिरदा, पंडरिया कुल 10 पंचायत शामिल हुए। आवेदनों के निराकरण उपरांत कुल 1756 आवेदकों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसमें नवीन जांब कार्ड 4, नवीन राशन कार्ड 7, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 6, केसीसी ऋण वितरण 6, खाद एवं बीज वितरण 3, माइक्रो एटीएम से किसानों को राशि 4, गोदभराई 4, अन्नप्रासन 4, आयुष्मान कार्ड वितरण 6, आईस बाक्स 2, भिण्डी लौकी बीज वितरण 9, किसान किताब 25, बी-1 खसरा 32, सीमांकन 3, बटांकन 3 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही विकासखंड भाटापारा के करही बाजार, सिमगा के दरचुरा, पलारी के लच्छनपुर एवं कसडोल के चांदन एवं नगरीय निकायों में भी समाधान शिविर आयोजित किया गया।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित सरपंच, उप सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर अमल: बल्दाक़छार में पेंशन शिविर का आयोजन



**बलौदाबाजार,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत आकस्मिक निरीक्षण में विकासखंड कसडोल के विशेष पिछडी जनजाति बाहुल्य गांव बल्दाक़छार पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न पेंशन योजना के तहत पात्र हितग्राहियो को पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश अधिकारियो को दिये थे। निर्देश के अनुपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम बल्दाक़छार में पेंशन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 13 हितग्राहियों को पात्र पाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी 13 हितग्राहियो को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बल्दाक़छार् के सरपंच रमेश कुमार ध्रुव एवं उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम भी उपस्थित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री विधवा पेशन योजना अंतर्गत रोहणी बाई, अरज बाई कमार, किरण बाई को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत मनीराम, शिवप्रसाद, सोमनाथ, साहूकार, सुबेराम एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत खोलबाहरा, कुंवरमती ध्रुव, हीरा लाल, धनेश, बिहारी लाल को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया।

# त्रिगुण वैशाख पूर्णिमा पर मौन मोमबत्ती रैली निकालकर दिया बुद्ध का संदेश



**बिलासपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

करूणा बौद्ध विहार किर्ती नगर बिलासपुर, भारतीय बौद्ध महासभा बिलासपुर एवं बौद्ध समाज बिलासपुर ने सयुक्त रूप से बुद्ध जयंती पर मौन मोमबत्ती रैली निकालकर नगर भ्रमण किया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा तथागत गौतम बुद्ध व डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ ही सामूहिक रूप से परित्राण पाठ कर बुद्ध वंदना का वाचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारंग राव हुमने, अध्यक्ष बौद्ध समाज बिलासपुर, राष्ट्रीय सदस्य भारतीय बौद्ध महासभा एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ. आम्बेडकर परिनिर्वाण भूमि कार्यक्रम समिति दिल्ली ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी ने लगातार 21 वर्षों तक भारत के सभी प्रमुख धर्मों का अध्ययन करने के पश्चात् 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पवित्र दीक्षा भूमि पर अपने 05 लाख अनुयायीयों के साथ भारत के पुरातन धर्म बौद्ध धम्म की दीक्षा ली। तथागत भगवान गौतम बुद्ध विश्व के पहले क्रांतिकारी महापुरूष थे जिन्होने विश्व को प्रज्ञा, शील, करूणा, मैत्री और शांति का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश हुमने ने बताया कि त्रिगुण पावन वैशाख पूर्णिमा, उपोसथ उपवास का दिन, ध्यान साधना व दान का दिन है। यह पावन दिन विशेष महत्व का दिन होता है क्योंकि पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा पूर्णत्व को प्राप्त होता है इसीलिए पूर्णिमा आनंद दायक पर्व के रूप में मनाई जाती है। हर पूर्णिमा बुद्ध के जीवन की किसी न किसी घटना को दर्शाती है. बुद्ध पूर्णिमा त्रिविध, त्रिगुण पावन पर्व है. वैशाख (वैसाक) पूर्णिमा सम्यक सम्बुद्ध भगवान बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटनाओं से संबंधित है। बुद्ध पूर्णिमा को त्रिविध या त्रिगुण पावन पर्व कहते है, बुद्ध पूर्णिमा पवित्र है और मंगलकारी है। तथागत गौतम बुद्ध ने मानव कल्याण के लिए धम्म दिया। सभी विश्व के पहले वैज्ञानिक व महामानव बुद्ध का वंदन करें, कोई कर्मकांड न करें. करुणा के सागर की कृतज्ञता प्रकट करें. पंचशीलों का पालन करने का दृढ़ निश्चय करें. "धम्मपद" और बुद्ध व उनका धम्मः को पढे, जाने व माने। धम्म में दान का बड़ा महत्व होता है इसलिए पूर्णिमा के दिन अपने सामर्थ्य अनुसार भोजन, फल, वस्त्र, बच्चों को पाठ्य सामग्री, बुद्ध साहित्य आदि का दान भी करते है यह भी कि इन परम्पराओं के पालन में कहीं भी कर्मकांड व अंधश्रद्धा नहीं हो. मानवतावादी व वैज्ञानिक सोच का पालन हो।









# 'बलूचिस्तान नहीं है पाकिस्तान'

## बलूच नेता ने किया आजादी का एलान, भारत और विश्वभर से मांगा समर्थन

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का एलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का एलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं।



पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया।

बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतरराष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

उन्होंने कहा कि एक बार जब हमें संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और स्वतंत्रता मिल जाएगी तो हम अपने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध बनाएंगे, शांति बनाए रखेंगे और वैश्विक आर्थिक मंदी को रोकने, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने में मदद करेंगे।

# गाजा में इस्राइल ने किए ताबड़तोड़ हवाई हमले; 60 लोगों की मौत, इसमें 22 बच्चे भी शामिल

**देर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** इस्राइल ने गाजा पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। मंगलवार रात और बुधवार सुबह इस्राइल ने उत्तरी गाजा में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इस दौरान कम से कम 22 बच्चे मारे गए। जबलिया में इंडोनेशियाई अस्पताल ने बताया कि हमलों में कुल मिलाकर 60 लोगों की मौत हुई है। हमला अमेरिका की मध्यस्थता में हमास की ओर से एक इस्राइली-अमेरिकी बंधक को रिहा करने के एक दिन बाद हुआ। बड़ी बात यह भी है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस वक्त सऊदी अरब का दौरा कर रहे हैं।

### युद्ध विराम की उम्मीदें धूमिल

मंगलवार को इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे इस्राइल गाजा में अपना युद्ध रोक सके। इससे युद्ध विराम की उम्मीदें धूमिल हो गईं। हालांकि, इस्राइली सेना ने हमलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इस बीच हमास के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई



शुरू करने से पहले मंगलवार देर रात जबलिया के निवासियों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी गई।

### 'हमास का खात्मा होकर रहेगा'

इससे पहले मंगलवार को नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से जारी बयानों में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया कि इस्राइली सेनाएं वादा किए गए बल वृद्धि से बस कुछ ही दिन दूर हैं और वे मिशन को पूरा करने के लिए बड़ी ताकत के साथ गाजा में प्रवेश करेंगे। इसका मतलब है- हमास का खात्मा होकर रहेगा।

### कैसे शुरू हुआ गाजा युद्ध?

गाजा में युद्ध तब शुरू हुआ, जब हमास के नेतृत्व वाले चरमपंथियों ने 2023 में दक्षिणी इस्राइल पर मिसाइलों की बारिश कर दी थी। लड़ाकों ने इस्राइल में घुसपैठ करके 1,200 लोगों को मार डाला। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्राइल के जवाबी हमले में 52,800 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से कई महिलाएं और बच्चे हैं। इस्राइल के हमले ने गाजा के शहरी परिदृश्य के बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया है और 90% आबादी को विस्थापित कर दिया है।

# बहामास में भारतीय मूल के अमेरिकी छात्र की मौत; होटल की बालकनी से गिरा, ग्रेजुएट सेरेमनी से पहले हादसा




**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स राज्य में पढ़ाई कर रहे एक भारतीय मूल के छात्र की बहामास में एक होटल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। यह दुखद हादसा तब हुआ जब छात्र स्नातक होने से बस कुछ दिन दूर था। मृतक छात्र की पहचान गौरव जयसिंह के रूप में हुई है, जो मैसाचुसेट्स के वॉल्थम स्थित बेंटली यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे। वे बहामास में अपनी यूनिवर्सिटी के 'सीनियर क्लास ट्रिप' पर गए हुए थे। रविवार, 11 मई को हुए इस हादसे में उनकी मौत हो गई।

बेंटली यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'गौरव जयसिंह की दुखद मृत्यु से पूरा कैंपस गहरे शोक में है। यह कुछ बहुत ही मुश्किल दिन रहे हैं। हमारी संवेदनाएं गौरव के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। हम उन्हें 17 मई को होने वाले स्नातक समारोह में सम्मानित करेंगे।'

### इस हफ्ते ग्रेजुएट होने वाला था छात्र

जानकारी के मुताबिक, छात्र गौरव जयसिंह अमेरिका के श्रूजबरी, मैसाचुसेट्स के निवासी थे। वो बेंटली यूनिवर्सिटी में डेल्टा सिग्मा पाई फ्रैटर्निटी का सदस्य भी था और साउथ एशियन स्टूडेंट्स एसोसिएशन से भी जुड़ा हुआ था। उनकी पढ़ाई लगभग पूरी हो चुकी थी और वो इस सप्ताह ग्रेजुएट होने वाला था। पूरी यूनिवर्सिटी और भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को दी 1.023 अरब डॉलर की दूसरी किस्त, बजट पर वर्चुअल चर्चा शुरू

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने पाकिस्तान को विस्तारित निधि सुविधा कार्यक्रम के तहत 1.023 अरब अमेरिकी डॉलर की दूसरी किस्त जारी की है। इसके अलावा आईएमएफ ने पाकिस्तान के बजट को लेकर वर्चुअल चर्चा शुरू कर दी है। आईएमएफ ने कहा कि दूसरी किस्त की राशि 16 मई को सप्ताह समाप्त होने पर उसके विदेशी मुद्रा भंडार में दर्शाई जाएगी।






आईएमएफ ने पिछले सप्ताह विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत पाकिस्तान को एक अरब डॉलर की रकम जारी करने की मंजूरी दी थी। बैंक ने कहा कि धनराशि जारी करने का निर्णय आईएमएफ द्वारा ईएफएफ व्यवस्था द्वारा समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की पहली समीक्षा पर संतोष व्यक्त करने के बाद लिया गया।

आईएमएफ ने कहा कि ईएफएफ के तहत पाकिस्तान के नीतिगत प्रयासों ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और विश्वास के पुनर्निर्माण में पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति की है। बैंक ने कहा कि पाकिस्तान का वित्तीय प्रदर्शन मजबूत रहा है। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में सकल घरेलू उत्पाद का दो प्रतिशत प्राथमिक अधिशेष हासिल किया गया। इससे पाकिस्तान वित्त वर्ष 2025 के अंत में सकल घरेलू उत्पाद के 2.1 प्रतिशत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अप्रैल के अंत में पाकिस्तान का सकल भंडार 10.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो अगस्त 2024 में 9.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक था। जून 2025 के अंत तक इसके 13.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

### आईएमएफ ने शुरू की वर्चुअल वार्ता

आईएमएफ ने पाकिस्तान को दिए कर्ज के बीच वर्चुअल वार्ता शुरू कर दी है। जो 16 मई तक जारी रहेगी। सूत्रों ने बताया कि आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए एक नया मिशन प्रमुख नियुक्त किया है और सुरक्षा स्थिति के अधीन मिशन प्रमुख के अब सप्ताहांत में इस्लामाबाद की यात्रा करने की उम्मीद है। आईएमएफ टीम के शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचने और 23 मई तक वहां रहने की उम्मीद है। आईएमएफ ने बुल्गारियाई मूल की कर्मचारी इवा पेट्रोवा को पाकिस्तान में नया मिशन प्रमुख नियुक्त किया है। वह निवर्तमान मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर के साथ चर्चा में शामिल होंगी।

# ट्रंप और अल-शरा की चौंकाने वाली मुलाकात: 33 मिनट तक हुई बातचीत; सीरिया पर वर्षों पुराना प्रतिबंध भी हटाया

**रियाद।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। ट्रंप की यह मुलाकात सऊदी अरब में हुई, जहां उन्होंने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन के साथ मिलकर बातचीत की। इसके बाद ट्रंप ने सीरिया पर लगे 13 साल पुराने प्रतिबंध हटाने का एलान किया। साथ ही कहा कि हमें उम्मीद है कि सीरिया की नई सरकार देश में स्थिरता और शांति लाएगी। बता दें कि यह वही अल-शरा हैं जो पहले अमेरिका के कब्जे में थे और अल-कायदा से जुड़े रहे हैं। उनकी सरकार ने हाल ही में दमिश्क पर कब्जा कर असद परिवार के 54 साल पुराने शासन का अंत कर दिया था।

### सीरिया पर लगे प्रतिबंध को हटाने का एलान

डोनाल्ड ट्रंप और सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के बीच बैठक लगभग 33 मिनट तक चली, जिसमें सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी मौजूद रहे और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने वीडियो कॉल के जरिए हिस्सा लिया।

बैठक के बाद ट्रंप ने बताया कि उन्हें अल-शरा से मिलने के लिए सऊदी और तुर्की नेताओं ने प्रेरित किया। साथ ही इस बैठक के बाद ट्रंप ने ऐलान किया कि सीरिया पर 2011 से लगे आर्थिक प्रतिबंध हटा लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीरिया में अब एक नई सरकार है जो देश में शांति और स्थिरता ला सकती है। यही हम देखना चाहते हैं।





### प्रतिबंध क्यों लगे थे?

सीरिया पर लगे प्रतिबंध उस समय के राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन के दौरान लगाए गए थे, ताकि उनकी सरकार की अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाया जा सके। असद को दिसंबर में सत्ता से हटा दिया गया था। बाइडेन और ट्रंप दोनों सरकारों ने असद के हटने के बाद भी प्रतिबंध जारी रखे थे, क्योंकि वे अल-शरा की मंशा को परखना चाहते थे।

### ट्रंप का अल-सरा से मिलना खास, समझिए कैसे?

देखा जाए तो सऊदी अरब में अल-शरा से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात कूटनीतिक और राजनीतिक तौर पर बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। कारण है कि यह पहली बार है जब अमेरिका के किसी राष्ट्रपति ने एक ऐसे व्यक्ति से बातचीत और मुलाकात की है, जो कभी आतंकवादी संगठनों का हिस्सा रहा हो। हालांकि अभी यह देखना बाकी है कि इस नई सीरियाई सरकार के साथ अमेरिका के रिश्ते किस दिशा में बढ़ते हैं।

### कौन है अल-शरा?

गौरतलब है कि सीरिया के नए राष्ट्रपति अल-शरा पहले अबू मोहम्मद अल-गोलानी के नाम से जाने जाते थे और अमेरिकी सेना के खिलाफ इराक में लड़ चुके हैं। अमेरिका ने उन पर $10 मिलियन का इनाम भी घोषित किया था। बाद में उन्होंने नुसरा फ्रंट नामक संगठन बनाया, जिसे बाद में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) में बदल दिया और अल-कायदा से नाता तोड़ लिया।

# कोर्ट ने प्रमुख चुनाव निगरानी कार्यकर्ता को 'अवांछित' संगठन चलाने का दोषी ठहराया, पांच साल की जेल

**मॉस्को।** मॉस्को की एक कोर्ट ने बुधवार को रूस के एक प्रमुख स्वतंत्र चुनाव निगरानी समूह के नेता ग्रिगोरी मेलकोन्यांत्स को दोषी ठहराया। उन पर एक 'अवांछित' संगठन का काम संचालित करने का आरोप था। कोर्ट ने उन्हें 5 साल की जेल की सजा सुनाई।



मेलकोन्यांत्स रूस के प्रमुख चुनाव निगरानी संगठन 'गोलोस' के सह-अध्यक्ष हैं। उन्होंने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है। उनके खिलाफ चला मामला रूस सरकार द्वारा अपने विरोधियों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के खिलाफ किए जा रहे लंबे समय से दबाव डालने के अभियान का हिस्सा है। 2022 में जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तबसे यह दमन और बढ़ गया।

'गोलोस' संगठन साल 2000 से हर बड़े चुनाव की निगरानी करता आ रहा है और चुनाव में होने वाली गड़बड़ियों को उजागर करता रहा है। इसके चलते उस पर कई वर्षों से सरकारी दबाव बढ़ता जा रहा है।

# जेजू एयरलाइन हादसे में 15 अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज, पीड़ितों के परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले साल दिसंबर महीने में हुए विनाशकारी विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों ने देश के परिवहन मंत्री और एयरलाइन प्रमुख समेत 15 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिनके बारे में उनका मानना है कि वे इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार हैं। बता दें कि, जेजू एयर के विमान हादसे में घटना के वक्त सवार 181 लोगों में से दो को छोड़कर बाकी सभी की मौत हो गई थी।

### पुलिस और सरकारी अधिकारी कर रहे हादसे का जांच

पुलिस और सरकारी अधिकारी पहले से ही जेजू एयर दुर्घटना की जांच कर रहे हैं, इसलिए शिकायत को मोटे तौर पर एक प्रतीकात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें तेज और अधिक गहन जांच की मांग की गई है। इसके साथ ही कई शोक संतप्त परिवारों ने



शिकायत की है कि वे यह पता लगाने के प्रयासों में सार्थक प्रगति की कमी देखते हैं कि दुर्घटना का कारण क्या था और कौन इसके लिए जिम्मेदार है।

### पीड़ितों के परिजनों ने इनके खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

मंगलवार को, 72 शोक संतप्त रिश्तेदारों ने अपने वकीलों और पुलिस के अनुसार, दक्षिणी दक्षिण कोरिया में जीओनम प्रांतीय पुलिस एजेंसी को शिकायत प्रस्तुत की। रिश्तेदारों का समर्थन करने वाले वकीलों के एक समूह की ओर से जारी बयान के अनुसार, शिकायत में जिन 15 लोगों का नाम शामिल है, उनमें परिवहन मंत्री, जेजू एयर के अध्यक्ष और रखरखाव व सुरक्षा मुद्दों को संभालने वाले एयरलाइन अधिकारी, साथ ही मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारी शामिल हैं, जो पक्षियों के टकराने से रोकने, हवाई यातायात नियंत्रण और सुविधा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार हैं।

वहीं वकील ली सो-आह ने कहा कि शिकायत के लिए औपचारिक रूप से पुलिस को शोक संतप्त परिवारों को उनकी जांच के बारे में जानकारी देनी होगी, हालांकि पुलिस ने अब तक केवल स्वेच्छा से ऐसा किया है।

### 29 दिसंबर को हुआ था भीषण हादसा

जेजू एयर की तरफ से संचालित बोइंग 737-800 29 दिसंबर को मुआन हवाई अड्डे पर रनवे से फिसल गया, जब इसका लैंडिंग गियर काम नहीं कर रहा था, एक कंक्रीट संरचना से टकराया और आग लग गई। अधिकारियों ने तब से कहा है कि उन्हें विमान के इंजन में पक्षी के हमले के निशान मिले हैं और विमान के दो ब्लैक बॉक्स ने दुर्घटना से लगभग चार मिनट पहले रिकॉर्डिंग बंद कर दी थी। इस दुर्घटना के लिए अभी तक किसी को भी कानूनी रूप से समन नहीं गया है, यह 1997 के बाद से देश की सबसे घातक विमानन आपदा है।

# सोशल मीडिया पोस्ट करना ब्रिटिश बैंक विश्लेषक को पड़ा महंगा, सऊदी में मिली एक दशक की जेल की सजा

**दुबई।** सऊदी अरब में एक शख्स को एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए एक दशक की सजा मिली है। बता दें कि, ब्रिटिश बैंकर अहमद अल-दौश, को सऊदी अरब में दस साल की सजा सुनाई गई है। उनका परिवार मानता है कि यह सजा 2018 में किए गए एक ट्वीट के कारण हुई, जिसमें सऊदी अरब का नाम नहीं था, लेकिन वह सूडान के बारे में था। यह ट्वीट अब डिलीट कर दिया गया है। अहमद अल-दौश, जो बैंक ऑफ अमेरिका में विश्लेषक थे, को आतंकवाद और साइबर अपराध कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। उनकी वकील, हेदी डाइकस्टाल ने कहा कि उनका मुकदमा और गिरफ्तारी निष्पक्ष प्रक्रिया का उल्लंघन थे। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से इस मामले में सख्त हस्तक्षेप करने की अपील की है।

### ट्रंप के सऊदी दौरे पर सामने आया मामला

यह मामला उस समय सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब में थे। सऊदी अरब में कई अन्य पश्चिमी देशों से जुड़े दोहरी नागरिकों और सऊदी नागरिकों को भी सोशल मीडिया पर पोस्ट्स के कारण गिरफ्तार किया गया है, जिनसे सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की आलोचना हो सकती थी।



एमनेस्टी इंटरनेशनल ने मंगलवार को एक बयान में कहा, अहमद अल-दौश के परिवार का मानना है कि उनके खिलाफ आरोप सूडान के बारे में 2018 में हटाए गए एक ट्वीट से उत्पन्न हुए हैं, जिसमें सऊदी अरब और निर्वासित सऊदी आलोचक के बेटे के साथ उनके संबंधों का उल्लेख नहीं किया गया था। सऊदी अरब के प्रेस कार्यालय और यूनाइटेड किंगडम के विदेश कार्यालय ने टिप्पणी के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया। आतंकवाद और साइबर अपराध विरोधी कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में उन्हें सोमवार को सजा सुनाई गई है।

### रियाद एयरपोर्ट से हुई थी गिरफ्तारी

अहमद को अगस्त में रियाद एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था, जब वह अपने परिवार के साथ इंग्लैंड के मैनचेस्टर जा रहे थे। उनकी पत्नी, अमाहर नूर, ने कहा कि अहमद को जेल में काफी परेशानी हो रही है, खासकर थाइरॉइड की समस्याओं और मानसिक तनाव के कारण।

## डीएमएफ घोटाला मामला

# रानू साहू, सौम्या चौरसिया समेत 4 की जमानत खारिज



बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ में DMF घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने आज पूर्व IAS रानू साहू, पूर्व सीएम के उप सचिव सौम्या चौरसिया, एनजीओ संचालक मनोज कुमार और बिचौलिया सूर्यकांत तिवारी की स्थायी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है.

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मामले में एफआईआर और केस डायरी में उपलब्ध सामग्री का अवलोकन करने बाद आवेदक की धारा 7 और 12 के तहत अपराध करना प्रतीत होता है. प्रथम दृष्टया पीसी एक्ट के तहत आर्थिक अपराध परिलक्षित होता है. एफआईआर और रिकॉर्ड में रखी गई अन्य सामग्री को देखते हुए, प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि आवेदक का संबंधित अपराध में संलिप्तता है. कोर्ट ने कहा कि इस विचार से कि आवेदक को नियमित जमानत देना सही नहीं है. यह कहते हुए कोर्ट ने सभी आवेदनों को खारिज किया है.

### जानिए क्या है DMF घोटाला:

प्रदेश सरकार की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, ईडी की रिपोर्ट के आधार पर EOW ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है. केस में यह तथ्य सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग–अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है. टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया. जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि टेंडर की राशि का 40% सरकारी अफसर को कमीशन के रूप में दिया गया है.

# बस्तर में नक्सलवाद और भ्रष्टाचारवाद साथ-साथ समाप्त होगा : डिप्टी सीएम साव

रायपुर/बस्तर (प्रतिदिन राजधानी)




बस्तर के नारायणपुर – सोनपुर – मरोड़ा मार्ग में पीडब्लूडी के निर्माणाधीन सड़क में गुणवत्ताहीन निर्माण की जानकारी प्राप्त होने के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अधिकारियों को कल दोपहर संज्ञान लेने आदेशित किया और शाम में सड़क निर्माण में हुई लापरवाही पर गुणवत्ता हीन निर्माण के अंदेशे से तत्काल जांच बैठा दी गई।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सोशल मीडिया पोस्ट कर आदेश कॉपी सार्वजनिक करते हुए, विभागीय जांच की जानकारी दी।

### सोशल मीडिया पोस्ट में उप मुख्यमंत्री साव ने लिखा -

माओवाद और भ्रष्टाचार वाद दोनों का समूल नाश निश्चित है विष्णु के सुशासन में!

बस्तर के नारायणपुर–सोनपुर–मरोड़ा मार्ग में एल. डब्लू. ई योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन सड़क में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य की जानकारी मिली थी द्य

विभाग के अधिकारियों को कल सुबह ही तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे, शाम में जांच कमेटी का गठन कर कार्रवाई सुनिश्चित कर दी गई.

देश के यशस्वी गृह मंत्री आदरणीय श्री @AmitShah जी ने जो बस्तर की खुशहाली–तरक्की और शांति के लिए बड़ा टारगेट सुनिश्चित किया है उसे पूरा करने विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर की बड़ी भूमिका है उसमें कोई लापरवाही कोई गड़बड़ी हमें मंजूर नहीं द्य

### विकास भी होगा सांय- सांय, कार्रवाई भी होगी सांय- सांय

बता दें, बीते दिनों उप मुख्यमंत्री साव की सजगता और विभागीय जांच के आदेश के बाद ही सड़क भ्रष्टाचार में लिप्त सुरेश चंद्राकर तथाकथित कांग्रेस कार्यकर्ता के भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ हुआ था, पी डब्लू डी ने ठेकेदार सुरेश चंद्राकर पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस रद्द कर दिया था साथ ही अधिकारियों एवं ठेकेदार पर पुलिसिया कार्रवाई भी करवाई थी।उप मुख्यमंत्री साव लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आक्रामक मूड में दिखाई दे रहे हैं।




# रायपुर में तिरंगा यात्रा

## देशभक्ति का उमड़ा जनसैलाब

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। इस साहसिक कार्रवाई में पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया।

इस वीरता के सम्मान में रायपुर की सड़कों पर आज देशभक्ति की लहर दौड़ पड़ी। मरीन ड्राइव तेलीबांधा से शाम 5 बजे शुरू हुई तिरंगा यात्रा, जयस्तंभ चौक तक पहुंची। लोगों के हाथों में तिरंगे, दिलों में देश के लिए गर्व और जुबां पर 'भारतीय सेना जिंदाबाद' के नारे गूंज रहे थे।

इस यात्रा में मुख्यमंत्री की मौजूदगी ने उत्साह को और भी बढ़ा दिया। यह आयोजन सिर्फ रायपुर में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के हर जिले और विधानसभा क्षेत्र में किया जाएगा।

भाजपा द्वारा आयोजित इस तिरंगा यात्रा में सर्व समाज, साधु–संत, रिटायर्ड सैनिक और आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। मकबूल इकबाल खान जैसे नागरिकों ने कहा, यह हर हिंदुस्तानी के लिए गर्व का पल है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सेना ने जो करारा जवाब दिया है, वह ऐतिहासिक है।

### भीड़ में लगे नारे –

भारतीय सेना जिंदाबाद!
पाकिस्तान मुर्दाबाद!
भारत माता की जय!
देशभक्ति के इस माहौल में हर दिल एक सुर में गूंज उठा।



# छग की ट्रेनों में अब रिश्वत लेकर सेटिंग नहीं कर पाएंगे टीटीई

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों में अब टीटीई रिश्वत लेकर सीट अलॉट नहीं कर पाएंगे. ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास कैमरा होगा, यदि वो ऐसा करते है तो उनकी करतूत खूद उनके कैमरे में कैद हो जाएगी.

दरअसल यात्रियों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. मंडल के 50 टिकट चेकिंग कर्मचारियों को बॉडी वार्न कैमरे प्रदान किए गए हैं, जिससे यात्रा के दौरान पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी अप्रिय स्थिति की निगरानी की जा सके.

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित कर टिकट चेकिंग कर्मचारियों को बॉडी वार्न कैमरे प्रदान किए गए एवं इनके उपयोग संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया. इस अवसर पर सीनियर डीसीएम ने कर्मचारियों को यात्रियों से संवेदनशील एवं मर्यादित व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिये।

श्री सिंह ने कहा कि बॉडी वार्न कैमरे से टिकट चेकिंग की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और किसी भी विवाद की स्थिति में प्रमाण के रूप में इसका उपयोग किया जा सकेगा. यह तकनीकी सुविधा यात्रियों और कर्मचारियों दोनों के हित में है. साथ ही यह पहल रेलवे प्रशासन और यात्रियों के बीच विश्वास को और मजबूत करेगी।

# रायपुर में साइबर ठगी रैकेट का भांडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत रायपुर रेंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ऑनलाइन साइबर ठगी के मामलों में सक्रिय दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो देशभर में घूम–घूम कर म्यूल बैंक खातों का संचालन कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में राहुल यादव (27), निवासी ग्राम मवाई, थाना खेतासराय, जिला जौनपुर (उत्तरप्रदेश) और काजल यादव (28), निवासी सदर वार्ड, भाटापारा, जिला बलौदाबाजार शामिल हैं। दोनों आरोपी साइबर अपराधियों के लिए बैंक खाते खोलवाने और उन्हें ऑपरेट करने का काम करते थे।

पुलिस के अनुसार, राहुल यादव चेन्नई, अहमदाबाद और जालना (महाराष्ट्र) जैसे शहरों में लगातार ठिकाने बदल कर साइबर ठगों की ठगी की रकम को इधर–उधर कर रहा था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि राहुल की फेसबुक के जरिए काजल यादव से दोस्ती हुई थी और दोनों मिलकर म्यूल बैंक खातों का संचालन कर रहे थे।

IG अमरेश मिश्रा ने साइबर क्राइम पोर्टल में दर्ज म्यूल अकाउंट की जांच के लिए विशेष अभियान की योजना बनाई थी। इसी क्रम में रायपुर रेंज साइबर थाना को निर्देश दिए गए थे कि खाता धारकों, एजेंटों, बैंक अधिकारियों और सिम कार्ड सप्लायर्स पर सख्त कार्रवाई की जाए।

कोतवाली थाना रायपुर में अपराध क्रमांक 45/25, धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बी एन एस के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों के पास से भारी मात्रा में ठगी की रकम के लेन–देन के साक्ष्य मिले हैं। मामले की जांच जारी है और अन्य सहयोगियों की तलाश की जा रही है।

# 18 भू-अभिलेख अधीक्षक और तहसीलदार को मिली पदोन्नति, डिप्टी कलेक्टर बनाए गए

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी)

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक आदेश प्रसारित कर 18 भू अभिलेख अधीक्षक और तहसीलदारों को पदोन्नति देकर डिप्टी कलेक्टर के पद पर नवीन पदस्थापना दी है।

इसमें प्रमुख रूप से शशि शेखर मिश्रा भू अभिलेख अधीक्षक कार्यालय चिरमिरी भरतपुर को डिप्टी कलेक्टर चिरमिरी भरतपुर में नवीन पदस्थापना दी गई है। वहीं दुष्यंत कीर्तिमान कोसले अधीक्षक भू अभिलेख बिलासपुर को डिप्टी कलेक्टर नारायणपुर बनाया गया है। आदित्य कुंजन अधीक्षक भू अभिलेख दुर्ग को डिप्टी कलेक्टर बीजापुर में बनाए गए हैं। उपेंद्र किंडो अधीक्षक भू अभिलेख दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को डिप्टी कलेक्टर रायपुर, किशोर शर्मा



तहसीलदार कोरबा जिला कोरबा डिप्टी कलेक्टर कोंडागांव, दुकालू राम ध्रुव तहसीलदार जिला बीजापुर को डिप्टी कलेक्टर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, सुनील अग्रवाल तहसीलदार जशपुर डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर, सुभाष कुमार शुक्ला तहसीलदार बिलासपुर को डिप्टी कलेक्टर सुकुमा, मनीष देव साहू तहसीलदार जिला रायपुर डिप्टी कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर , मनीष कुमार वर्मा तहसीलदार जिला राजनांदगांव डिप्टी कलेक्टर बस्तर , मुकेश कुमार देवांगन तहसीलदार बिलासपुर डिप्टी कलेक्टर बीजापुर , तुलसी राठौर तहसीलदार रायपुर जोन आयुक्त नगर पालिका निगम रायपुर, पूनम तिवारी तहसीलदार बिलाईगढ़ सारंगढ़ को उपायुक्त भू अभिलेख रायपुर, प्रीतम सिंह चौहान तहसीलदार खैरागढ़ गंडई को भू अभिलेख जशपुर, सुनील कुमार सोनपिपरे तहसीलदार कबीरधाम डिप्टी कलेक्टर नारायणपुर, देवेंद्र कुमार सिरमौर तहसीलदार महासमुंद को डिप्टी कलेक्टर गौरेला पेंड्रा मरवाही , पवन कोसमा तहसीलदार जिला रायपुर डिप्टी कलेक्टर जांजगीर–चांपा एवं रामराज सिंह तहसीलदार रामानुजगंज बलरामपुर को डिप्टी कलेक्टर सरगुजा के पद पर पदोन्नति किया गया है।

## संत ज्ञानेश्वर स्कूल के मेरिटोरियस बच्चों को राज्यपाल डेका ने किया सम्मानित

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली छात्राओं रुचिका साहू, पूर्वी साहू समेत रायपुर की अन्य शालाओं के 15 विद्यार्थियों को राज्यपाल रमेन डेका ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। गवर्नर ने बच्चों को भावी शिक्षा की तैयारी को लेकर कई टिप्स भी दिए।

सीजी बोर्ड की 10वीं की प्रावीण्य सूची में आठवें स्थान पर पूर्वी साहू, नौवें स्थान पर वर्षा परिडा और 12वीं की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान हासिल करने वाली रुचिका साहू को सोमवार को अभिभावक सहित राजभवन में सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही रायपुर के 21 मेरिटोरियस छात्र– छात्राओं को भी उनके माता–पिता के साथ बुलाया गया था। इनमें उपस्थित 15 प्रतिभाशाली विद्यार्थी राजभवन में गवर्नर डेका के हाथों सम्मानित होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे थे।

# जनसमस्याओं का समाधान ही मेरा संकल्प है : गुरु खुशवंत साहेब

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दर्जा, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग विधायक माननीय गुरु खुशवंत साहेब जी ने आज चंदखुरी खेल मैदान में आयोजित सुशासन तिहार 2025 – संवाद से समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर माननीय गुरु साहेब जी ने क्षेत्र के नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं, मांगों और शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मौके पर ही कई समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया।

गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि – जनसमस्याओं को सुनना केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मेरे जनप्रतिनिधि धर्म का अहम हिस्सा है। जनता के विश्वास से ही मेरी जिम्मेदारी और दृढ़ता दोनों सशक्त होती है। हर व्यक्ति की समस्या मेरे लिए एक संकल्प है, जिसका समाधान करना मेरा धर्म और दायित्व है।

समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर गुरु साहेब जी ने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और हितग्राही लाभ वितरण की वस्तुस्थिति जानी.शिविर में हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं के तहत विभिन्न सामग्री, सहायता उपकरण एवं संसाधनों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारीगण, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण, स्थानीय कर्मचारी, समाजसेवी संस्थाएं तथा सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक व कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे। सभी ने माननीय गुरु खुशवंत साहेब जी के नेतृत्व में जनसंवाद एवं समाधान की इस पहल की सराहना की और इसे जनसेवा का प्रभावी मॉडल बताया।



## छत्तीसगढ़ का दर्द नहीं जाना ऐसे वार्ताकारों से हम कोई बात नहीं करेंगे : विजय शर्मा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एक बार फिर स्पष्ट कहा है कि हम माओवादी से बात करने के लिए तैयार हैं वह भी बिना शर्त। नक्सलियों की तरफसे जारी पत्र के संदर्भ में कहा कि सबसे पहले तो पत्र की प्रमाणिकता की जाँच करनी होगी। सरकार बात करने को तैयार है परंतु हैदराबाद में कुछ व्यक्तियों और कुछ संस्थानों ने बैठक करके केंद्र और राज्य की सरकारों को क्या करना है इसका निर्देश करना प्रारंभ कर दिया ऐसे लोगों से कभी बात नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा जो लोग कभी बस्तर की पीड़ा में सम्मिलित नहीं हुए। बस्तर के आदिवासियों को चिंगवारम, दरभागुढ़ा, एर्राबोर, मनीकोंटा, रानीबोदली, ताड़मेटला में नक्सलियों द्वारा मारा गया जब झीरम में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व समाप्त किया गया तब जिन्होंने बस्तर और छत्तीसगढ़ के दर्द को महसूस न किया हो उनकी पहल पर कोई वार्ता संभव ही नहीं है।

उन्होंने फिर स्पष्ट शब्दों में कहा कि माओवादियों से जरूर बात की जा सकती है।

# वनोपज से वनांचल के लोगों में आ रही है आर्थिक समृद्धि

## वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आईडीसी की बैठक सम्पन्न

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में वनोपज राजकीय व्यापार अन्र्तविभागीय समिति(आईडीसी) की 306वीं बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय एम-10 के हॉल में सम्पन्न हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अंतविभागीय समिति (आईडीसी) की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बैठक में लिए गए जनकल्याणकारी निर्णयों से राज्य में लघु वनोपजों के व्यापार को मजबूती मिलेगी और वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोत्तरी होगी साथ ही साथ उनके जीवन स्तर में आर्थिक बदलाव भी आयेगा। मंत्री श्री कश्यप ने उम्मीद जताई है कि इससे वनोपज निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



वन मंत्री मंत्री केदार कश्यप ने 305वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही 2021 सीजन के वनोपजों की लॉट क्रमांक 123(ब) के आवंटन हेतु प्रस्ताव पर चर्चा की ।

बैठक में वर्ष 2023–24, तथा 2024–25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपजों– महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इसके अलावा गोदामशुल्क रहित महुआ फूल (बीज रहित) की एक लाख क्विंटल (101 लॉट) के विक्रय को पूर्व स्वीकृत दरों पर निर्यात हेतु स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

इसी तरह बैठक में वर्ष 2024–25 एवं 2025 के लिए समर्थन मूल्य योजनांतर्गत गोदामशुल्क रहित वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश एवं प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा विचार किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन ऋचा शर्मा, सचिव वन अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी. श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, कार्यकारी संचालक मनीवासगन, सलमा फारूकी सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444